हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025



# डेढ़ हजार बच्चों को परीक्षा परिणाम का इंतजार इधर कॉलेजों में दाखिला बंद, संशय में विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नई शिक्षा प्रणाली के तहत अब प्रदेश में भी माध्यमिक शिक्षा मंडल साल में दो बार 10वीं एवं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा आयोजित कर रहा है। जुलाई महीने में दूसरी बार आयोजित परीक्षा में जिले से 12वीं कक्षा के करीबन डेढ़ हजार बच्चे शामिल हुए थे। इन बच्चों को अब भी अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार है। बच्चे बेहतर परिणाम आने पर अच्छे कॉलेजों में प्रवेश का सपना देख रहे हैं।



वहीं दूसरी ओर प्रदेशभर के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया बंद कर दी गई है, जिस पोर्टल के जरिये यह प्रक्रिया होती है, वह पिछले 14 अगस्त से बंद है। ऐसे में परीक्षा पास करने के बाद भी बच्चों को दाखिले के लिए भटकना पड़ेगा। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि प्रदेश स्तर से इसको लेकर कोई सकारात्मक पहल की जा सकती है, लेकिन यदि पोर्टल को दोबारा शुरू नहीं किया जाता है तो इन बच्चों को अपना पूरा साल बर्बाद करना पड़ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के अधिकांश कॉलेजों में सीट खाली रह गई है। खासकर निजी कॉलेजों में दाखिले बेहद कम हुए हैं।

## 14 तक चला पोर्टल

प्रदेशभर के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए अब ऑनलाइन प्रणाली से ही आवेदन लिए जाते हैं। प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार पोर्टल में अंतिम अवसर दाखिले के लिए 14 अगस्त तक दिए गए थे। इसके बाद से इसकी अवधि नहीं बढ़ाई गई है। हालांकि पिछले साल अवधि में कुछ विस्तार किया गया था। इधर अब बनी स्थिति को देखते हुए पोर्टल एक सप्ताह के लिए दोबारा शुरू किया जा सकता है।

## 11 हजार बच्चे हुए थे शामिल

ज्ञात हो कि मार्च महीने में आयोजित माशिम की 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले के करीबन 11 हजार बच्चे शामिल हुए थे। मई में आए परिणाम में 82 फीसदी बच्चे पास हुए थे। ऐसे में लगभग 18 प्रतिशत बच्चे जुलाई महीने में दूसरी बार आयोजित बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। इन बच्चों के सामने ही कॉलेजों में दाखिले के लिए संशय की स्थिति निर्मित हो गई है।

# ओवरटेक की बात पर तलवार से हमला, फरार आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** ओवरटेक करने की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी पर तलवार से हमला कर चोंट पहुंचाया। इस मामले में आरोपी फरार था। जिसकी पतासाजी कर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा 18 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 17 अगस्त की रात्रि साढे 10 बजे होटल अवाना के पास गाड़ी ओवरटेक करने के नाम पर मिथलेश पांडया व राहुल गनवीर उसे अश्लील गाली-गुप्तार कर जान से खतम करने की धमकी दी। हाथ-मुक्का से मारपीट कर अपने पास रखे धारदार हथियार से इस पर वार किया। जिससे इसके चेहरे में दाहिने हिस्से में चोंट लगा तथा बीच-बचाव करने आया इसका भाई के बांये हाथ में चोंट लगा है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी मिथलेश पांड्या को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया तथा फरार आरोपी रोहन गणनीर की पतासाजी की जा रही थी, जिसे 28 अगस्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध
ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन
• उच्च रक्तचाप,
• ब्लड शुगर, • थायराइड
• चलने पर सांस फूलना,
• कंधों में जकड़न,
• धड़कन का कम या ज्यादा होना
• चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365






## खबर संक्षेप

### घोरदा में कवि सम्मेलन 30 को

**अर्जुनी।** निकटवर्ती ग्राम घोरदा में गणेशोत्सव के मौके पर आगामी 30 अगस्त को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पूर्व जनपद सदस्य राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि गांव के बाजार चौक में पहली बार कवि सम्मेलन रखा गया है। रात्रि आठ बजे से आयोजित कवि सम्मेलन में माधुरी किरण बालाघाट, मीर अली मीर सारागांव, गुनीराम वर्मा छुईखदान, संतुराम गंजीर खुर्सीपार, मनीष साहू डोंगरगांव, बलराम चन्द्राकर भिलाई, बीरेन्द्र तिवारी अर्जुनी काव्य पाठ करेंगे। श्री गुप्ता, आनंद खोब्रागढ़े, नवयुवक गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने अंचल के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### सम्मान समारोह 30 को

**डोंगरगांव।** छग प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू का तहसील साहू संघ द्वारा आगामी 30 अगस्त को दोपहर 12 बजे से अभिनंदन किया जाएगा। इस मौके पर विधायक दलेश्वर साहू एवं भोलाराम साहू के आतिथ्य में डोम शेड का लोकार्पण, पेवर ब्लॉक का भूमिपूजन भी किया जाएगा। तहसील साहू संघ की आमसभा आयोजित की गई है। तहसील साहू संघ द्वारा प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डां निरेन्द्र साहू का भव्य अभिनंदन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि डां. साहू नगर के पहले ऐसे व्यक्ति है जो समाज के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर काबिज हुए हैं। तहसील साहू संघ द्वारा आयोजन की व्यापक तैयारी की जा रही है।

### स्कूल में गूंजे देशभक्ति गीत



**तुमड़ीबोड़।** उच्तर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में रजत जयंती के अवसर पर रंगोली एवं देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य, स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति वैशाली, जैसमीन, लक्ष्मी, संध्या, यामिनी, कुमकुम आदि ने दिया। इसी तरह देश भक्ति विषय पर रंगोली दिव्या, तोकेश कुमार, संध्या, रीना आदि ने बनाया। अशीम यदु, थंगेश्वर साहू, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, नोहरदास लिल्हारे आदि ने देशभक्ति विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में रेखा मुरकुटे, नोहरदास लिल्हारे, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, आशीष मसीह, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर आदि मौजूद थे। संचालन थंगेश्वर साहू एवं आभार प्रदर्शन अशीम यदु ने किया।

### वाद विवाद में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जेवरतला रोड।** उच्तर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में टटेंगा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। विषय के पक्ष में कक्षा 12वीं के अभिषेक, साक्षी, प्रियंका तथा विपक्ष में 12वीं के मोहित, 11वीं की उपासना, कुसुम सिन्हा ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि इस दल के प्रशिक्षक व्याख्याता पवन सिन्हा और प्रबंधक बिंदु साहू थे। इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आरके देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे, वेद प्रकाश साहू, बिंदु पटेल, चंद्रप्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव ने बधाई दी है।

### शिकायत के बाद कलेक्टर ने दिए थे जांच आदेश

# फसल बीमा धोखाधड़ी : जांच टीम पहुंची गांव, किसानों का लिया बयान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया**

ग्राम पंचायत धोधा में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम पर किसानों के साथ धोखाधड़ी की जांच शुरू हो गई है। इस मामले की ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर जांच के आदेश दिए थे। जांच टीम ने गांव पहुंचकर दर्जनों किसानों आदि का बयान दर्ज किया। जांच रिपोर्ट जल्द ही कलेक्टर को सौंपी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

उक्त मामला भारतीय कृषि बीमा कंपनी के एजेंट द्वारा किए गए प्रधानमंत्री फसल बीमा से जुड़ा है। चना और गेहूं फसल का बीमा किया गया था, लेकिन बीमा उन किसानों के नाम पर किया गया, जिनके पास वह जमीन नहीं थी। आरोप है कि यह सब पैसों के बंदरबांट के इरादे से किया गया।

चौंकाने वाली बात यह भी है कि गाँव की चारागाह भूमि का बीमा भी गाँव के ही निवासी और तहसील कार्यालय के दस्तावेज लेखक अनीश गौतम के नाम पर कर दिया गया था। इस मामले की ग्रामीणों ने विधायक के साथ मिलकर कलेक्टर से शिकायत की थी। शिकायत के बाद जांच टीम ने गाँव में पहुंचकर अलग-अलग बिंदुओं पर बयान लिए। कई किसानों ने जांच टीम को बताया कि उनकी जानकारी और अनुमति के बिना उनकी फसल बीमा किया गया और इसका लाभ उन लोगों को दिया गया, जो इसके हकदार नहीं थे।



**लाखों की हेराफेरी**

ग्रामीणों का आरोप है कि इस फर्जीवाड़े में लाखों की हेराफेरी हुई है। वहीं आरोपी आरोपों से इंकार कर रहा है। मामले में सच्चाई सामने लाने के लिए कई बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच आवश्यक है। जांच होना चाहिए कि बीमा शुल्क किसने दिया?, ओटीपी किसने बताया?, बीमा करते समय किसान के मोबाइल पर आए ओटीपी का उपयोग किसने किया?, दस्तावेज किसने उपलब्ध कराए, बीमा के लिए आवश्यक जमीन संबंधी दस्तावेज और बैंक खाता नंबर किसने मुहैया कराया।

**जांच जारी** उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया कि विभिन्न बिंदुओं पर दर्जनों लोगों के बयान लिए गए हैं। रिपोर्ट जल्द ही उच्च अधिकारी को सौंप दी जाएगी। आगे की कार्रवाई उन्हीं के निर्देश पर होगी।

# बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन करते दो पकड़ाए

### 15 लीटर देशी महुआ शराब बरामद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला**

अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन किए जाने वालों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत बाइक में अवैध रूप से शराब ले जा रहे दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। जिनसे 15 लीटर देशी महुआ शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।



पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स देवचरण पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चिल्हाटी उप निरीक्षक संजय मेरावी के कुशल नेतृत्व में सुघ्घर जन सुरक्षित जिला अभियान के तहत आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते अवैध शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

पुलिस के अनुसार चिल्हाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 27 अगस्त को मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी आकाश मोहुर्ले 26 साल ग्राम दक्कोटोला एवं हेमराज तोपसे 25 साल साकिन दक्कोटोला को अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब परिवहन करते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से एक सुपारी रखने वाला बोरी रंग पीला, हरा, गुलाबी जिसके अंदर में रखे हुए पारदर्शिता पालिथीन में बंधा हुआ अलग-अलग दो पैकेट प्रत्येक में 15 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब कीमती 3000 रुपए एवं एक न्यू शोल्ड काला रंग का पल्सर बाइक को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक जगमोहन कुंजाम, मयाराम नेताम, आरक्षक महेश मेरिया, भागी चंद्रवंशी, अश्वनी साहू, महिला आरक्षक नाजमीन खान का सराहनीय योगदान रहा।

# पोला पर्व एवं राम सप्ताह आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ घुमका**

हरडुवा में पोला एवं राम नाम सप्ताह का आयोजन रखा गया। इस मौके पर मटका फोड़ स्पर्धा में 20 लोगों ने भाग लिया। स्पर्धा में प्रथम सलीम खान, द्वितीय स्थान रितेश्वर शान ने हासिल किया। स्लो बाईक में 25 प्रतिभागीयों ने भाग लिया। प्रथम साहिल खान, द्वितीय वर्मा, तृतीय यादेश वर्मा, चतुर्थ टोमन वर्मा रहे। इसी तरह बोरा दौड़ का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर सरपंच गंगेश्वर वर्मा, डॉ. ऋषि वर्मा, मुकेश शान, तोषण सिन्हा, मेघनाथ वर्मा, राजेश शान, यादेश वर्मा, तुलसी वर्मा, दिनेश शान, संजय, नरेन्द्र यादव, भीषम वर्मा, सकील खान, गोलु सिन्हा, प्रभु वर्मा, देवा बादशाह, हर्ष वर्मा, रोहित वर्मा, यशवंत वर्मा आदि उपस्थित थे। गाँव के महावीर चौक में भगवान श्री कृष्ण की भजन भक्ति कर राम नाम सप्ताह का आयोजन किया गया।



# सड़क सुरक्षा को लेकर मदराकुही में विशेष कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़**

ब्लाक के मदराकुही में सड़क सुरक्षा अभियान अंतर्गत जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद सदस्य खेमराज जैन, यातायात प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह, बीईओ नीलम सिंह राजपूत सहित शाला स्टाफ व ग्रामीणों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन केवल कानून मानने या चालानी कारवाई से बचने के लिए बल्कि हमारे जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। विद्यार्थी समाज में इस संदेश को पहुंचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम मे सड़क सुरक्षा को लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई जिसमे संकुल अंतर्गत आने वाले प्राथमिक व पूमाशा के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।



**संकेतकों से कराया अवगत**

यातायात प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह ने बच्चों को सुगम आवाजाही के लिए यातायात संबंधी संकेतों की जानकारी दी। बच्चों से कहा कि घर से निकलने से पहले वो अपने अभिभावकों के इस बात के लिए प्रेरित करे कि हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाए। हमेशा बाई ओर चले और ओवरटेक से बचे। हम घर पर आपकी प्रतीक्षा करेंगे इस बात को अभिभावकों के घर से बाहर निकलने के पहले अनिवार्य रूप से कहे, ताकि वो सड़क संबंधी सामान्य नियमों का पालन कर खुद को और परिवार को अप्रिय स्थिति निर्मित होने से बचा सके। वाद विवाद स्पर्धा में विजेता समूह को सम्मानित कर उन्हें एक दिन के शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने की घोषणा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# मुसरा के ग्रामीणों को दी कानूनी जानकारियां



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुसरा**

ग्राम पंचायत मुसरा में गत दिनों ग्रामसभा का आयोजन हुआ। ग्रामसभा में ग्रामीणों को विधिक जानकारी दी गयी। ग्राम विस्तार अधिकारी प्रियंका यदु ने बताया कि ग्रीष्मकालीन फसलों में अलसी, चना, लाखड़ी, मटर, गेहूं आदि बोने से पानी की बचत की जा सकती है। ऐसा करने से पानी की समस्या भी कम हो जाएगी। ग्रामसभा सचिव मोहित साहू ने छत्तीसगढ़ स्थापना के पच्चीसवें वर्ष के पूरे होने पर रजत जयंती मनाने एवं छत्तीसगढ़ के उपलब्धियों के बारे में बताया।स्वच्छता, सोख्ता गड्ढा ,सार्वजनिक क्षेत्रों की सफाई, कल्याणकारी योजनाओं, पंचायत उन्नति सूचकांक, विकास योजना की प्राथमिकता, बाल विवाह रोकथाम, दहेज एवं टोनही प्रताड़ना, मोटर यान दुर्घटना एवं साइबर अपराध आदि के बारे में बताया गया। घुमन्तु पशुओ से हो रही जान माल की क्षति की रोकथाम पर चर्चा की गई। इस दौरान सरपंच गायत्री टेंभुरकर, ग्राम प्रमुख कमलनारायण साहू, कंवल निर्मलकर, धर्मेंद्र साहू, हेमंत निषाद, रेखालाल कोचे, शिव कुमार टेम्भुरकर सहित अन्य उपस्थित थे।

# मक्काटोला में नशा मुक्ति रैली

**एलबी नगर।** शासकीय कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी अरुण कुमार साहू एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी सुश्री सोनल नागवंशी के मार्गदर्शन में दलनायक रितेश पटेल एवं उपदल नायक डेकेश्वर के नेतृत्व में नशा मुक्ति कार्यक्रम अंतर्गत गोद ग्राम मक्काटोला में रैली निकाला गया। प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को नशा से होने वाले कुप्रभावों एवं सामाजिक बुराइयों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त होने पर ही स्वस्थ्य समाज का निर्माण होगा। छात्र छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से नाश मुक्ति का संदेश दिया।



# स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव**

डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल में एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा थे, जिन्होंने स्कूल के नव-नियुक्त विद्यार्थियों को उनके दायित्वों की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, टीम भावना, निष्ठा और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाना है। इस दौरान विद्यार्थियों को पद और गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। जिससे उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह होने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने प्रेरित किया जा सके।

मुख्य अतिथि अतुल विश्वकर्मा ने तीनों बोर्डों सीबीएसई, आईसीएसई और सीजी बोर्ड के हेड बॉय और हेड गर्ल को शपथ दिलाई। इनमें सीबीएसई बोर्ड के राजहर्ष बाफना (हेड बॉय) और शैली अग्रहरि (हेड गर्ल), आईसीएसई बोर्ड के शौर्यन प्रताप सिंह (हेड बॉय) और वैभवी खंडेलवाल (हेड गर्ल) तथा सीजी बोर्ड के महेश्वर चंद्रवंशी (हेड बॉय) और अंतरा गोसाईं (हेड गर्ल) शामिल थे।

इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न हाउस कैप्टन्स को भी शपथ दिलाई। जिसमें आजाद हाउस अल्तमस कुरैशी और कनिष्ठ भराडे, भगत हाउस गर्व सवाना और वोनिसा साहू, जवाहर हाउस आरिफ कुरैशी और प्रार्थना साहू और सुभाष हाउस में तरुण चौबे और सिद्धि ठाकुर शामिल हैं।




**उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दी बधाई**

इस अवसर पर आयुक्त ने कटक में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-II बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूल की टीम को बधाई दी। उन्होंने स्कूल परिवार को शहर का एनईपी मॉडल लीडर स्कूल बनने पर भी शुभकामनाएं दी। समारोह में स्कूल की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बोर्ड मेंबर्स सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, बरसर आईके वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्य एकता खंडेलवाल, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा सहित सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

# चाकू लहरने वाले को जेल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव**

सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव पुलिस को मुखबीर से मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना मिली कि मुकेश कुमार चंद्रवंशी 19 साल निवासी आसरा का जो ग्राम आसरा बाजार चौक सार्वजनिक जगह पर अपने पास रखे अवैध रूप से धारदार नुकिला लोहे का चाकू फायवर का मूठ लगा, को आने-जाने वाले लोगों को डराते हुए घूम रहा था।

जिससे ग्राम में अशांति का माहौल उत्पन्न हो रहा है। रिपोर्ट पर डोंगरगांव पुलिस आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट का कार्रवाई कर आरोपी से एक नग धारदार नुकिला लोहे का चाकू जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### 15 लोगों ने सौर संयंत्र के लिए कराया पंजीयन

# मानपुर में बिजली पहुंचाने लगा शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मानपुर**

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जनमानस को लाभ दिलाने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा वृहद जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में ब्लाक मुख्यालय में शिविर लगाकर योजना के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यपालन अभियंता मोहला अनिल रामटेके की अगुवाई में सौर संयंत्र के वेंडरों, स्टेट बैंक, इंडियन बैंक के प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर अधिकतम 1.8 लाख तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट पर कुल 45 हजार की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट के लिए 90 हजार तक सब्सिडी मिलती है। तीन किलोवाट क्षमता के प्लांट पर कुल 1.8 हजार की सहायता मिलती है। स्कीम अंतर्गत उपभोक्ता सोलर प्लांट का केवल 10 प्रतिशत डाउन पेमेंट देकर 6 प्रतिशत ब्याज दर से 90 प्रतिशत लागत राशि को अधिकतम 10 वर्ष के लिए फाइनेंस कर सकते हैं। इस दौरान लगभग 15 लोगों ने मौके पर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सौर संयंत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर अपना पंजीयन भी कराया।



**यह दस्तावेज जरूरी**

जागरूकता अभियान के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के साथ लगने वाले आवश्यक दस्तावेज जैसे पैनकार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, फॉर्म-16 या दो वर्ष का आयकर रिटर्न एवं बिजली बिल को अपलोड कराने की जानकारी भी गई। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में घर-घर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर लोगों को प्रदूषण मुक्त, मुफ्त और निरंतर बिजली देने एवं प्रत्येक उपभोक्ता को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर उनके मासिक खर्चों में भी उल्लेखनीय कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मदन साहू, जनपद सदस्य रेणु टांडिया, कांताबाई, ओमप्रकाश चंडाक, शमीम तिगाला, मनीष निर्मल, राजहंस मंडावी, यशवंत पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

**// शपथ- पत्र //**

**शपथकर्ता :** -प्रतीक देवांगन आ. श्री नरेन्द्र कुमार देवांगन निवासी वार्ड नं. 37 बांसपाई पारा, शहर तह० व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं:- 1. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है। 2. यह कि, मैने कक्षा 10वीं परीक्षा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली के माध्यम से जे.एल. एम. गायत्री विद्या पीठ राजनांदगांव से सन 2011-2012 में उत्तीर्ण किया हूं। 3. यह कि, मेरे कक्षा 10वीं के अंकसूची में मेरी माता का नाम सरोजिनी देवांगन **SAROJANI DEWANGAN** दर्ज है, जिसमें नाम के स्पेंलिंग में **A** लगा हुआ है। 4. यह कि, मेरी माता जी के आधार कार्ड में नाम सरोजिनी देवांगन **SAROJINI DEWANGAN** दर्ज है, जिसमें नाम के स्पेंलिंग में **i** लगा हुआ है। आधार नं. 904404214998 5. यह कि, सरोजिनी देवांगन **SAROJANI DEWANGAN** व **SAROJINI DEWANGAN** दोनो . नाम एक ही महिला का नाम है जो कि मेरी माता जी का नाम है। 6. यह कि, मैं अपने कक्षा 10 वीं के अंकसूची में नाम के स्पेलिंग को सुधार करवाना चाहता हूं और नाम का सही स्पेलिंग **SAROJINI DEWANGAN** दर्ज कराना चाहता हूं। अतः उपरोक्तानुसार यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
अशोका आई. टी. आई.
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स 10000/- वार्षिक फीस
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स 10000/- वार्षिक फीस
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
8319493983, 8602502398, 7000629783
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास, जी. ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | E-mail: ashokaiti2019@gmail.com

## खबर संक्षेप

### भेड़ीकला स्कूल में साइकिल वितरण



**राजनांदगांव।** ग्राम भेड़ीकला के शा.उ.मा. शाला में राजनांदगांव जनपद पंचायत कृषि सभापति पूर्णिमा कृष्णा साहू द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गठित नई सरकार ने बड़े बदलाव के साथ आमजनों की जरूरत को ध्यान में रखकर फैसला देने का अभियान तेज किया। अब नवमीं के सभी छात्रों को निःशुल्क साइकिल वितरण किया। वहीं 12वीं तक पढ़ने वाले छात्रों को पाठ्य पुस्तक दी जाएगी। इस मौके पर शाला विकास समिति अध्यक्ष गुलाब दास साहू, सदस्य प्रवीण देवांगन, वेदराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि नीलकमल पवन सोनी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### जीएसटी दरों में कमी पर जताया आभार



**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 39 के भाजपा पार्षद एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी दरों में की गई कमी का स्वागत करते उनका आभार व्यक्त किया है। पार्षद श्री सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार का यह कदम देश की आम जनता और व्यापारियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। लंबे समय से जीएसटी की ऊंची दरों को लेकर जनता और व्यवसायी वर्ग चिंतित थे। अब दरों में कमी होने से न केवल बाजारों में रौनक लौटेगी, बल्कि आम नागरिकों की जेब पर पड़ने वाला बोझ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से रोजमर्रा की वस्तुओं और आवश्यक सेवाओं की कीमतों में गिरावट आएगी। जिससे मध्यम वर्ग, छोटे व्यापारी, गृहणियां और युवाओं को सीधा फायदा होगा। यह फैसला प्रधानमंत्री मोदी की जनहितकारी सोच और सबका साथ, सबका विकास की नीति को दर्शाता है। पार्षद सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदैव गरीब, मजदूर, किसान और व्यापारी वर्ग के हित में निर्णय लिए हैं। यही कारण है कि आज भारत की अर्थव्यवस्था सशक्त बन रही है और जनता को राहत भी मिल रही है।

### जिपं सीईओ ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भानपुरी, सोमनी, देवादा, मोखला एवं सुकुलदैहान में प्रगतिरत महतारी सदन के निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने महतारी सदन निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते अधिकारियों को निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में महतारी सदन के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग राजनांदगांव एवं अन्य उप अभियंता उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 30 को

**राजनांदगांव।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 30 अगस्त को सुबह 11 बजे से डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शा.उ.मा.विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में किया गया है। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिमा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने वाले दल को 7000 रुपए, द्वितीय दल को 5000 रुपए, तृतीय स्थान आने वाले दल को 5000 रुपए, सांत्वना पुरस्कार पांच प्रतिभागियों को 2000 रुपए पुरस्कार दिया जाएगा।

### महिलाएं हो रही सशक्त और सक्षम

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने एवं सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देने एकीकृत बाल विकास परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण 01 अंतर्गत आने वाले ग्राम बोरी में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। सखी वन स्टॉप सेंटर से श्वेता त्रिवेदी और संतोषी पाटिला द्वारा लैंगिक उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, गुड टच, बैड टच, शारदा एक्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देकर शाला की किशोरी बालिकाओं को जागरूक किया। वहीं बाल संरक्षण इकाई के चाईल्ड लाईन शाखा से महेश साहू और नितिन किशोरी वर्मा द्वारा बाल अपराध, उसका संरक्षण, उसकी पढ़ाई, अनाथ बच्चों को शासन से दिए जाने वाले सहयोग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में 25 महिलाएं और 35 किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में बोरी सेक्टर की पर्यवेक्षक इंदु कुर्रे सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित थी।

### ग्रामीण, समाज प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों ने दिखाई रूचि

# सुरगी क्षेत्र के 27 गांव में पूर्ण शराबबंदी, क्षेत्रवासियों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम सुरगी स्थित पुलिस चौकी सुरगी के प्रभारी निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी एवं उनके स्टाफ के कार्यों की क्षेत्र की जनता भूरी-भूरी प्रशंसा करते नहीं रूक रहे हैं, क्योंकि पुलिस चौकी सुरगी ने वह काम कर दिखाया जो असंभव था। पुलिस चौकी सुरगी द्वारा सुशासन तिहार में शिकायतों के आधार में ग्रामीण एवं समाज प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पुलिस चौकी सुरगी क्षेत्र के 27 गांव में पूर्ण शराबबंदी हो गई है।

पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी शंकर गिरी गोस्वामी की त्वरित कार्रवाई की वजह से क्षेत्र के 27 गांव में अवैध शराब, गांजा एवं नशीले पदार्थों का विक्रय पर पूरी तरह से पाबंदी लग चुका है। जिससे क्षेत्रवासियों में भारी हर्ष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों द्वारा खुशी जताते पुलिस चौकी सुरगी के प्रभारी सहित स्टाफ को सम्मानित कर रही है। आगे भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उन्हें सम्मानित करने का मन बना लिए हैं।

भर्रेगांव के युवाओं ने कहा कि हम लोग कभी जीवन में नहीं सोचे थे कि भर्रेगांव शराब मुक्त ग्राम बनेगा। आज गांव के माहौल देखकर अच्छा लगता है। पुलिस चौकी सुरगी के अंतर्गत आने वाले ग्राम हल्दी घाट, भंवरमरा, सिंघोला, रानीतरई, महाराजपुर, आलीखुटा, डोडिया, भोड़िया, भोथीपारखुर्द, भोथीपार नया, भोथीपार पुराना, उसरीबोड, धामनसरा, जंगलेसर, मुड़पार, मलपुरी, सुरगी, कुम्हालोरी, बेलटिकरी, कोटराभाटा, बुचीभरदा, आरला, मोखला, भर्रेगांव, पार्रीखुर्द, कुसमी सहित अन्य गांव में पूर्ण शराब की बिक्री बंद हो चुकी है।



#### तस्करी और बिक्री पर रोक

पुलिस नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी और बिक्री को रोकती है। वे नशीले पदार्थों के नेटवर्क को तोड़ने और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए गृह मंत्रालय के नेतृत्व में काम करते हैं।

#### नशे के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी ने कहा कि अवैध शराब, गांजा, जुआ-सट्टा की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। नशे के खिलाफ लड़ाई में पुलिस की मुख्य भूमिका नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकना, अवैध नशा विक्रेताओं को पकड़ना, जागरूकता अभियान चलाना और समुदाय के साथ मिलकर काम करना है, ताकि नशामुक्त समाज का निर्माण किया जा सके। पुलिस ड्रग्स की आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करके और नशे के सेवन से जुड़े अपराधों से निपटकर समाज की सुरक्षा करती है।

#### जागरूकता और शिक्षा

पुलिस स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करती है। इसके तहत जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, ताकि लोग नशे से दूर रहें। पुलिस सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से लोगों के साथ संवाद और सहयोग करती है। इससे नशामुक्ति के प्रयासों में समाज की भागीदारी बढ़ती है। पुलिस उन व्यक्तियों पर कार्रवाई करती है, जो नशा करते या नशीले पदार्थ बेचते हुए पकड़े जाते हैं। पुलिस नशामुक्ति केंद्रों, स्वयंसेवकों और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ काम करती है, ताकि नशे के खिलाफ लड़ाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## अंकिता बनी ड्यूज बॉल साउथ एशियन चैम्पियन



**राजनांदगांव।** ड्यूज बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित साउथ एशियन ड्यू बॉल चैम्पियनशिप 2025 जो कि अलगप्पा यूनिवर्सिटी कराई कौड़ी तमिलनाडु में संपन्न हुआ। जिसमें 6 देशों के टीम इंडिया, मालद्वीव, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, नेपाल ने भाग लिया।

चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य से राजनांदगांव जिले की अंकिता वर्मा का चयन भारतीय टीम के लिए हुआ। जिसका कैंप 11 से 16 अगस्त तक चला। वहीं प्रतियोगिता 17 से 19 अगस्त तक आयोजित थी। जिसमें इंडियन टीम सभी देशों को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर चैम्पियन बनी। जिसमें अंकिता ने टीम के लिए विशेष भूमिका निभाते अच्छा प्रदर्शन किया। अंकिता के कोच जयेश मुदलियार के लिए यह बहुत ही खुशी ओर गर्व की बात है। अंकिता के पिता मंजीत वर्मा और माता श्रीमती सुनीता वर्मा हमेशा ही अपनी बेटी को आगे बढ़ाने प्रेरित करते हैं। जीत हासिल कर शहर लौटी खिलाड़ी अंकिता का स्वागत पटाखों और बैंड-बाजा के साथ किया गया।

छत्तीसगढ़ ड्यूज बॉल संघ के सचिव श्रीकांत दास गुप्ता व पुनाराम यादव, रितेश देवांगन, अखिलेश मिश्रा, विमल शर्मा, आदर्श गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता, तरुण भास्कर गुप्ता, वरुण भास्कर गुप्ता, श्रेयांश राव, शैल साहू, कल्पेश चौहान, लक्ष्मी चौहान, सुभाष रामटेके, नवरत्न बावने, हिमांशु साहू, चंदन साहू, भारती यादव, वर्षा केहरी, धनश्री अवथनकर, तनुश्री केहरी, अंकुर सिंह, मनप्रीत वर्मा, सुरेखा वर्मा, सरिता वर्मा, अर्चना वर्मा, चंचल वर्मा, लतिका यादव, मोहनीश वर्मा, सोनल मरकाम, सुषमा साहू, भूमि कोचर ने शुभकामनाएं दी।

## वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन




**राजनांदगांव।** वित्तीय समावेशन योजनाओं के संतृप्ति हेतु चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत गुरुवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा ग्राम बरबसपुर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर रीनी अजीत ने एक दिवसीय वित्तीय समावेशन शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने बैंकिंग कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंकिंग कार्यों के संबंध में स्थानीय निवासियों, व्यापार प्रतिनिधियों और बैंक अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने विभिन्न बैंकिंग सेवाएं निर्बाध रूप से मिलने के लिए अपने खातों को पुनः केवाईसी कराने प्रोत्साहित किया। शिविर में बकाया खातों के केवाईसी विवरणों के पुनः सत्यापन के महत्व के बारे में बताया। शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक एकीकृत योजना 2021 और दावा न की गई जमा राशियों के बारे में जानकारी दी गई। डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने अपनाई जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में ग्राम पंचायत बरबसपुर और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक एवं जिला राज्य सहकारी बैंक आदि सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर में 115 खातों की पुनः केवाईसी की गई। शिविर में अग्रणी जिला प्रबंधक मुनीश शर्मा सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अं. चौकी जनपद उपाध्यक्ष शंकर भाजपा से निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष व भाजपा नेता शंकर तिवारी के अवैध वसूली तथा ब्लैक मेलिंग के मामले में एफआईआर दर्ज होने से पहले भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय ने दूसरे मामले में जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी को भाजपा पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि अं. चौकी विखं के ग्राम कोरचाटोला सरपंच एवं कौडीकसा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नीलिमा ठाकुर ने प्रशासनिक अधिकारी से लेकर भाजपा के शीर्ष नेताओं को लिखित शिकायत व उनके साथ हुए ब्लैकमेलिंग तथा वसूली से जुड़े शिकायत, ऑडियो रिकॉर्ड, वीडियो क्लिप प्रेषित किया है।

आदिवासी महिला कोरचाटोला की प्रधान नीलिमा ठाकुर ने शिकायत में कहा है कि अं. चौकी जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी बीते कई दिनों से 70 हजार रुपए की मांग कर रहा है। वह इस ब्लैकमेलिंग से मानसिक रूप से प्रताड़ित हो गई है। उपाध्यक्ष द्वारा फिर से तत्काल 40 हजार



की मांग पर 4 अगस्त को जनपद पंचायत अं. चौकी के परिसर में बुलाकर 15 हजार नगद लिया गया।

इस ब्लैकमेलिंग और वसूली से जुड़े मामले के उजागर होने के बाद अं. चौकी क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी हुई थी। जिला भाजपा की ओर से जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी को नोटिस तलब कर 5 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया था। वहीं सरपंच के वसूली की शिकायत पर पुलिस के वरिष्ठ अफसर मामले की जांच कर रहे हैं। इधर कोरचाटोला की आदिवासी महिला सरपंच नीलिमा ठाकुर के अलावा अं. चौकी जनपद क्षेत्र के कई पंचायत प्रतिनिधियों ने पुलिस के समक्ष ब्लैकमेलिंग कर अवैध वसूली की शिकायत किया है और कुछ शिकायत की तैयारी कर रहे हैं। जिसमें मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले की पुलिस मामले की गहन जांच में है। इधर आज त्रि-स्तरीय चुनाव में अं. चौकी जनपद उपाध्यक्ष के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ जाकर चुनाव लड़ने के मामले में जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी को 6 वर्ष के लिए भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय ने निष्कासित कर दिया है।

#### पार्टी की तरफ से जारी हुआ निष्कासन आदेश

जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी के खिलाफ निष्कासन का आदेश में अंकित है कि 2025 के त्रि-स्तरीय चुनाव में पार्टी के तरफ से अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ जाकर चुनाव लड़ने के चलते उपाध्यक्ष को 6 वर्षों के लिए भाजपा से निष्कासित किया गया है। जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी द्वारा सरपंच के ऊपर ब्लैकमेलिंग कर दबाव बनाते फोन रिकॉर्डिंग तथा कई वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष तथा मोहला-मानपुर अं. चौकी जिला पंचायत अध्यक्ष को निपटा देने की बात कहते हुए सरपंच से ब्लैकमेलिंग कर अवैध उगाही की गई। जिसका आदिवासी महिला सरपंच ने कई तरह से वीडियो बनाकर सबूत के रूप में प्रस्तुत किया है।

## किसानों को दी समसामयिक सलाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी द्वारा खड़ी फसल की सुरक्षा करने किसानों को विशेष सलाह दी गई है। विशेष सलाह में कहा गया है कि मौसम पुर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में मध्यम वर्षा होने की संभावना है, जिसे देखते हुए कवकनाशी एवं उर्वरकों का छिड़काव मौसम साफ रहने पर ही करने की सलाह दी गई है। धान के खेत में हरी काई का प्रकोप दिख रहा हो तो पानी को निकाल दें। खेत में जिस जगह से पानी अंदर जाता है, वहां आवश्यकतानुसार कॉपर सल्फेट को पोटली में बांधकर रखें। धान कन्से निकलने की अवस्था में हो वहां नत्रजन उर्वरक की दूसरी मात्रा का छिड़काव यूरिया (30 किलोग्राम प्रति हेक्टर) के रूप में करें। जीवाणु जनित झुलसा रोग की रोकथाम के लिए संतुलित उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए। रोग होने की दशा में पोटाश का उपयोग 8-10 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। तना छेदक रोग के लक्षण दिखाई दे तो, कर्टाप हाइड्रोक्लोराइड 50 डब्लूपी एक किलोग्राम प्रति हेक्टेयर (काल्डेन, कैरीड, मोर्टार एवं अन्य समान उत्पाद) या क्लोरेन्ट्रानिलीप्रोल 150 मिली प्रति हेक्टेयर (फटेरा, कोरेजन, फटेगोल्ड, लेपिडोज एवं अन्य समान उत्पाद) की दर से 500 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। मौसम पुर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में मध्यम वर्षा होने की संभावना है। किसान को मूंग व उड़द फसल में अतिरिक्त जल निकासी की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है।

## महिला मंडल ने मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खंडेलवाल महिला मंडल ने भगवान मोतीनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया। संस्कारधानी राजनांदगांव में खंडेलवाल महिला मंडल प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल ने बताया कि खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरला खंडेलवाल के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन हुआ।

अध्यक्ष सरला खंडेलवाल ने बताया कि सनातन संस्कृति में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का विशेष महत्व है। अखंड ब्रह्मांड नायक परमब्रह्म परमात्मा भगवान बाल गोपाल के जन्मोत्सव को मानने से जीवन धन्य हो जाता है। इस दिन के आने का इंतजार सालभर सभी को रहता है। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की समाज की सहभागिता से हम सभी प्रतिवर्ष नंदोत्सव मानते हैं। इस वर्ष भी खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा दिव्य भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव नयनाभिराम आकर्षक साज-सज्जा के साथ 24 अगस्त को दोपहर 03 बजे से भगवान मोतीनाथ मंदिर प्रांगण में विघ्नहर्ता गणपति एवं लड्डू गोपाल भगवान मोतीनाथ भगवान के पूजन से प्रारंभ हुआ।



#### विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

भगवान लड्डू गोपाल का आकर्षक श्रंगार, नंदोत्सव, झूला आनंद महोत्सव, छप्पन भोग महाप्रसाद साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता निःशुल्क आयोजित की गई। बच्चों के लिए धार्मिक वेशभूषा में पुरस्कृत बच्चे शिवांश खंडेलवाल, अन्विता खंडेलवाल, अवि खंडेलवाल एवं महिलाओं की बांसुरी सजाओ प्रतियोगिता में विजेता प्रथम शशि खंडेलवाल, द्वितीय शीतल खंडेलवाल, रास गरबा सहित धार्मिक मौखिक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें समाज की महिलाओं ने सहभागिता निभाई। खंडेलवाल महिला मंडल उपाध्यक्ष अंजू खंडेलवाल, सचिव भगवती खंडेलवाल, रितु खंडेलवाल, रोशन खंडेलवाल, पूजा खंडेलवाल, राधा खंडेलवाल, माधुरी खंडेलवाल, पिंकी खंडेलवाल की जन्माष्टमी महोत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उपरोक्त जानकारी प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल द्वारा दी गई।

### गणेश उत्सव पर भक्तों को होगी निःशुल्क उपलब्ध

# मंदिर में आरती व चालीसा संग्रह पत्रिका का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लखोली जनता कॉलोनी वार्ड क्र. 31 स्थित मां अंबे धाम सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में गणेशोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ 26 अगस्त की शाम से किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भव्य धार्मिक आयोजन के बीच आरती एवं चालीसा संग्रह पत्रिका का विमोचन किया गया। गणेशोत्सव के दौरान यह पुस्तक सभी श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरित की जाएगी। मां अंबे धाम समिति द्वारा इस वर्ष गणेशोत्सव का 11वां पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से यहां लगातार विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस बार पूरे दसों दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश अग्रवाल ने कहा कि हर वर्ष यहां का गणेशोत्सव पूरे क्षेत्र के लिए श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन जाता है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा प्रकाशित आरती एवं चालीसा संग्रह पत्रिका भक्तों को भक्ति में और अधिक डूबने का अवसर देगी। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, शिव वर्मा, संजय सरोदे, गप्पू सोनकर, सुरेश साहू, मोहन सिंह राजपूत, नवीन जैन, राजेंद्र श्रीरंगे, आशीष डोंगरे, आलोक श्रीवास्तव, टीआर ठाकुर, शंकर यादव, सोनू सोनकर, तनु श्रीरंगे, बृजेश महाराज, उभयलाल सोनकर, मन्नू शुक्ला, संतोष देवांगन, किशोरी पारख, राजेंद्र लड्ढा, दिनेश खंडेलवाल, गोमा कोठारिया, गौरव सोनकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

#### 18 आरती और 14 चालीसा शामिल

शिव वर्मा ने कहा कि अंबे धाम समिति ने इस पत्रिका के माध्यम से भक्ति का एक सुंदर संग्रह भक्तों तक पहुंचाया है। इसमें 18 आरती और 14 चालीसा शामिल है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष संकलन है। उन्होंने कामना की कि गणपति बप्पा सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करें और घर-परिवार में सुख-समृद्धि लाएं। गप्पू सोनकर ने कहा कि अंबे धाम समिति की यात्रा अब 11 वर्षों में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने बताया कि समिति ने निरंतर सेवा और भक्ति के कार्य किए हैं और 8 वर्षों से भंडारे की परंपरा को निभाते आ रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे ने कहा कि गणेश उत्सव के दौरान होने वाले दसों दिन के विशाल भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समिति और भक्तों के सामूहिक सहयोग से संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु आरती एवं चालीसा संग्रह पुस्तक भी निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

## मानवता की रक्षा के लिए सभी करें रक्तदान

**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के 18वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारीज के नए भवन ज्ञान मानसरोवर में किया गया। इस अवसर पर दादी प्रकाशमणि को उनके 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात रक्तदान शिविर का उदघाटन हुआ।

उदघाटन अवसर पर संस्था के स्थानीय संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने दादी के महान कर्मों को याद करते उनके मानवता के प्रति पवित्र भावना से सबको अवगत कराया। साथ ही रक्तदान शिविर के सार्थकता पर प्रकाश डालते कहा कि मानव को मानव की सेवा में सदा तत्पर रहना चाहिए। सब मनुष्य मात्र को सुख देकर दुआएं कमाना चाहिए, यही दादी का मूलमंत्र था।



#### रक्तदान एक पुण्य कार्य

मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एनआर नवरतन ने संस्था के इस प्रयास की प्रशंसा करते कहा कि रक्तदान एक पुण्य कार्य है। इसे हम सबको करना चाहिए। कोई भी व्यक्ति रक्त की कमी से न मरे यह हमारी जवाबदेही होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. नरेंद्र गांधी ने कहा कि रक्तदान करने से हम एक साथ तीन लोगों की जान बचाते हैं। इसके साथ ही और भी कई लाभ होते है। पार्षद डुरेन्द्र साहू और समाजसेवी वाधवा ने भी अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी रंभा बहन ने किया। ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी जी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मोरध्वज साहू एवं लक्ष्मीकांत पाल ने रक्तदान पर आधारित बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया। यह शिविर सुबह 10 से 4 बजे तक चला। इस दौरान 100 से भी अधिक ब्रह्माकुमार भाई-बहनों ने अपना रक्तदान किया।




## सार समाचार

### मेजर ध्यानचंद जयंती पर तीन दिवसीय आयोजन

**राजनांदगांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ हॉकी, जिला हॉकी संघ, सांई व समस्त खेल संघ के संयुक्त तत्वाधान में हॉकी के जादूगर स्व. मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में नगर के खेलप्रेमियों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाई जाएगी। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे मुख्य अतिथि तथा महापौर मधुसूदन यादव अध्यक्ष के रूप उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर तीन दिवसीय आयोजन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा। जिसका 29 अगस्त को सुबह उद्घाटन होगा व 31 अगस्त को इसका समापन किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ए. एक्का तथा छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि प्रतियोगिता के पूर्व सुबह 7.30 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से समस्त खेल के खिलाड़ियों द्वारा ध्यानचंद स्मारक तक रैली निकाली जाएगी। वहां स्व. मेजर ध्यानचंद सहित स्व. एरमैन आर. बेस्टीयन (ओलंपियन) एवं स्व. आरएन पटेल को माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी सभा के साथ उन्हें श्रद्धाजंलि दी जाएगी। इसके पश्चात हॉकी स्टेडियम में प्रतियोगिता आयोजित होगी। श्री एक्का, श्री अंसारी एवं जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने जयंती अवसर पर आयोजित उक्त सभी कार्यक्रमों में खेलप्रेमी जनता से उपास्थिति की अपील कि है।

### छोटे व्यापारियों को जीएसटी से मुक्त रखें - पारख

**राजनांदगांव।** चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख ने जीएसटी की दरों में कटौती का स्वागत करते कहा कि इससे भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी। जीएसटी कम होने से व्यापार का फ्लो तेजी



से बढ़ेगा और व्यापारी निश्चित होकर पक्के में काम करेंगे। जिससे जीएसटी संकलन और भारत की अर्थव्यवस्था तथा विदेशी मुद्रा का भंडार भी बढ़ेगा। श्री पारख ने सरकार से मांग करते कहा कि Ease of डूइंग बिजनेस के लिए व स्वरोजगार व रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने व मानव श्रम उपयोग के लिए हम मांग करते है कि गृह उद्योग, कुटीर व सूक्ष्म उद्योग में निर्मित फ़ूड आइटम को पूर्णतः जीएसटी से मुक्त किया जाए अर्थात पूर्व की भांति जीएसटी केवल रजिस्टर्ड ब्रांडेड आइटम पर ही लगाया जाए। चेंबर के संरक्षक खूबचंद पारख ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के व्यापारी ईमानदार हैं। यही कारण है कि छोटा सा राज्य होने के बाद भी देश के सभी राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ का जीएसटी कलेक्शन नंबर वन की गिनती में आता है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को समस्या आने पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के आग्रह पर जीएसटी विभाग समय-समय पर निदान करता है, परंतु व्यापारियों के सम्मान का ध्यान रखते केंद्र सरकार के समान व्यापारियों को विशेष रियायतें देनी चाहिए और बहुत ज्यादा व्यापारियों को परेशान नहीं करना चाहिए।

### संस्कार सिटी कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी एवं राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रशिक्षणार्थी नागेश्वरी ने मां सरस्वती वंदना एवं आदिवासी गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद बीएड प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भावना चंद्रवंशी ने आदिवासी इतिहास, मनीष कुमार ने संवैधानिक दर्जा, जया चंद्रवंशी ने आदिवासी रहन-सहन, डिम्पल कोमरे ने खानपान एवं पारंपरिक व्यंजन, धर्मिता पैकरा ने छत्तीसगढ़ की संपन्न संस्कृति विषय पर सारगर्भित विचार रखे। साथ ही जनजातियों की विविधता, त्यौहार, गोदना, आदिवासी श्रृंगार, काष्ठ शिल्प एवं सरदुल पर्व जैसे पहलुओं पर भी प्रशिक्षणार्थियों ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अगले चरण में राखी बनाओ प्रतियोगिता हुई। इसमें डीएलएड की प्रशिक्षणार्थी दामिनी व विनीता ने प्रथम तथा फनेश्वरी व देविका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन सत्र में सुरवी भट्टाचार्य ने कहा कि अनेकता में एकता ही हमारी संस्कृति की पहचान है। आदिवासी परंपराओं और संस्कृति को बचाना व आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### जीवराखन बने शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** शा. पूर्व मा. शाला सहसपुर दल्ली में विगत दिनों शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से



ज्योति भुवन गंधर्व सरपंच संरक्षक, जीवराखन नेताम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मेघराज साहू, विनोद कुमार अलमोरे सचिव, जितेन्द्र कुमार हिरवानी कोषाध्यक्ष, खेमचंद साहू शिक्षाविद, नीलम नेताम, त्रिवेणी सिंह, रेशमा नेताम, पोषण साहू, कमलेश्वरी पाल, बुंदाबाई साहू, माहेश्वरी मंडावी, नरेश कुमार यादव, बीरबल सिन्हा, उत्तम पाल को पालक सदस्य बनाया गया है। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य मीरा वर्मा, संकुल समन्वयक अवधराम वर्मा, उपेन्द्र कुमार साहू, शबनम खान, मोहम्मद इकबाल खान आदि उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त वैष्णवजन का होगा सम्मान

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय वैष्णव सेवा संघ की आयोजित बैठक में वैष्णव समाज के छत्तीसगढ़ शासन में सेवानिवृत्त समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान करने का निर्णय लिया है। महासचिव रजनीश वैष्णव ने बैठक की जानकारी देते बताया कि वैष्णव सेवा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जेके वैष्णव ने छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान करने का प्रस्ताव रखा है, जिस पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त किया गया है। लाल जेके वैष्णव ने कहा कि आगामी अक्टूबर 2025 में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के सेवानिवृत्त समस्त वैष्णव डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, शिक्षक, मंत्रालयीन सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को समाज का अमूल्य धरोहर बताते उनके सेवाकालीन योगदान, उपलब्धियों पर जनसमुदाय को उनके सेवाकालीन अनुभवों को साझा करते सम्मानित करने की बात कही है। जिसमें सभी संगठनों से जुड़े रिटायर वैष्णवजन का सम्मान होगा। प्रदेश अध्यक्ष राकेश वैष्णव ने छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों की सूची संकलित कर 30 सितंबर 2025 तक पूर्ण करने की जवाबदेही रजनीश वैष्णव महासचिव को दी। साथ ही जिला स्तरीय सूची संकलित करने हेतु प्रभारी के लिए हेवेन्द्र वैष्णव, परमेश्वर वैष्णव, सुनील वैष्णव, चिंतामणि वैष्णव, विवेकानंद वैष्णव, लव वैष्णव, अंकुश वैष्णव, ढालेन्द्र वैष्णव रायपुर, अरविंद वैष्णव, रीता वैष्णव, आशा वैष्णव कवर्धा, पूर्णिमा वैष्णव जगदलपुर, आदि को जिम्मेदारी दी गई है।

### दंत एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन 30 को

**राजनांदगांव।** अग्रहरि युवा संगठन एवं अग्रहरि समाज गणेश उत्सव समिति द्वारा दन्त एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन आगामी 30 अगस्त को किया जा रहा है । शिविर शाम 5 बजे से अग्रहरि भवन फौव्वारा चौक में आयोजित की जाएगी । इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। समाज के लोगों ने पीड़ितों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

---

### जयंती से पहले हटाई गई खंडित प्रतिमा, मॉनिटरिंग के अभाव में हो रही दुर्दशा

# नर्सरी में हॉकी के जादूगर का स्मारक उपेक्षित

## मूर्तियों के पीछे की गिरी दीवार, अब तक मरम्मत कार्य नहीं, स्टील के ग्रील भी क्षतिग्रस्त

हफीज खान ⏭ राजनांदगांव

**खेल दिवस विशेष**

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के समीप गौरवपथ में एक स्मारक बनाकर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद और हॉकी खिलाड़ी ओलंपियन एरमन आर बेस्टियन एवं रामनारायण पटेल को सम्मान देने इनकी मूर्तियां लगाई गई थी, लेकिन इस स्मारक की देखरेख की उपेक्षा के चलते महान हॉकी खिलाड़ियों की मूर्तियों का अपमान हो रहा है। इस स्मारक के निर्माण काल के चंद महीनों में ही मूर्तियों के पीछे की दीवार गिर गई, जिसे दोबारा नहीं बनाया गया।

अब कांटेदार बबूल के झाड़ के बीच ध्यानचंद की प्रतिमा नजर आती है। बीते कुछ वर्षों में यहां की प्रतिमा सामाजिक तत्वों द्वारा खंडित की जाती रही। स्मारक स्थल पर लगे स्टील के ग्रिल को तोड़ा गया। धीरे-धीरे चंद वर्षों में ही स्मारक जर्जर होता चला गया, लेकिन इसे सुधारने, व्यवस्थित करने को लेकर कुछ भी नहीं किया गया। जिसकी वजह से हॉकी खिलाड़ियों की भावनाएं भी आहत हुई। वर्तमान में यह स्मारक उपेक्षित पड़ा हुआ है। मेजर ध्यानचंद जिनके नाम से इस चौक का नामकरण किया गया है, उनकी प्रतिमा की यहां दुर्गति हो रही है। भारत के राष्ट्रीय खेल को जिन्होंने गौरवान्वित किया आज उनकी प्रतिमा ही खंडित हो रही है।



### असामाजिक तत्वों ने तोड़ी मूर्ति

मेजर ध्यानचंद स्मारक पर स्थापित स्व.रामनारायण पटेल की प्रतिमा असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया। यह प्रतिमा टूटकर गिर चुकी है, जिसे कुछ लोगों ने सम्मानपूर्वक कपड़े से ढंक दिया था, लेकिन इस प्रतिमा के पुनर्निर्माण नहीं हुआ। मेजर ध्यानचंद स्मारक की उपेक्षा का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां स्थापित मूर्तियों के ऊपर लगा पेंट कुछ वर्षों से उखड़ चुका था। इसके बाद भी इसे ठीक नहीं कराया गया था।

### सीसीटीवी कैमरे भी नहीं

बीते कुछ वर्षों में इस प्रतिमा स्थल पर असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ का सिलसिला जारी है। इसके बावजूद स्मारक की सुरक्षा को लेकर कोई भी इंतजाम नहीं किया गया। यहां पर सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगाए गए। जिसके चलते असामाजिक तत्वों के लोग तोड़फोड़ की घटना को अंजाम देते हैं।

### जयंती पर आई याद

लंबे समय से उपेक्षित पड़ी प्रतिमा स्थल पर मेजर ध्यानचंद की जयंती से एक दिन पूर्व ही साफ-सफाई और मरम्मत कार्य किया गया है। यहां पर खंडित प्रतिमा को हटा दिया गया है और सीमेंट से छबाई की गई है। आसपास के लोगों ने बताया कि यहां काफी समय से लाइट भी बंद थी। जिसकी आज ही मरम्मत हुई है। वहीं प्रतिमा पर रंग-रोगन किया गया है।

### जिम्मेदारों को परवाह नहीं

राजनांदगांव ने हॉकी के कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय और ओलंपियन खिलाड़ी दिए हैं और इस शहर में ही हॉकी के महान खिलाड़ियों की मूर्तियां उपेक्षित होकर बदहाल होती चली गई, लेकिन इसके लिए कोई आंदोलन नहीं हुआ। मेजर ध्यानचंद का लगाव राजनांदगांव से हॉकी खेल को लेकर रहा है। यहां के बच्चों में हॉकी के प्रति जुनून देखकर राजनांदगांव आगमन के दौरान उन्होंने इसे हॉकी की नर्सरी का नाम दिया था। आज इस हॉकी की नर्सरी में उनकी प्रतिमा स्थली खंडित हो रही है।

---

# घुमका का वार्षिक निरीक्षण जवानों की सुनी समस्याएं

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने घुमका थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जवानों की समस्याएं सुनी। वहीं थाना परिसर, कार्यालयीन अभिलेख, शस्त्रागार व मालखाना की जांच की। थाना में संधारित रजिस्टरों को अपडेट करने एवं लंबित प्रकरणों को निकाल करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। 26 अगस्त को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा थाना घुमका का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालयीन अभिलेख, शस्त्रागार, मालखाना सहित थाना की साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना में संधारित रजिस्टरों की जांच की गई।

- लंबित प्रकरणों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

### अधिकारियों की रही उपस्थिति

थाना में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना गया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक बसंत बघेल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रीडर-1 शाखा से निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, आरक्षक टीनू थॉमस, रक्षित केंद्र से संतोष सिंह, स्टोर शाखा से प्रधान आरक्षक विष्णु राजपूत एवं थाना स्टाफ उपस्थित थे।

### बेहतर पुलिसिंग पर जोर

उन्होंने शस्त्रों के रख-रखाव और मालखाना में रखे जब्त सामानों की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही थाना स्टाफ की उपस्थिति, अनुशासन और वेशभूषा पर भी विशेष ध्यान दिया। लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किए जाने और आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनी जाए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने और बेहतर पुलिसिंग के माध्यम से कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया गया।

---

### प्रतिमाओं में साफ-सफाई का अभाव




**राजनांदगांव।** शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फूलों की माला अर्पण की गई थी। इसके बाद इस माल को निकाला नहीं गया। जिसके चलते माला सड़ चुकी थी और इस पर कीड़े लग गए थे। महापुरूषों की प्रतिमा की दुर्दशा होने की जानकारी मिलने पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कलेक्टोरेट परिसर पहुंचकर यहां महापुरूषों की प्रतिमा से सड़ चुकी माला निकालकर प्रतिमा की साफ-सफाई की।

कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में स्थित इन दोनों महापुरूषों की प्रतिमा में साफ-सफाई का अभाव बना हुआ है। देखरेख नहीं होने के चलते ही स्वतंत्रता दिवस से पहनाई गई माला अब तक राष्ट्रपिता और संविधान निर्माता की प्रतिमा के गले पर चढ़ी हुई थी।

---

# गणेश पंडाल में सामाजिक सरोकार बालश्रम के खिलाफ अनोखा संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेश पंडाल के माध्यम से आस्था के साथ ही सामाजिक सरोकार का संदेश लेकर गणेश स्थापना करने वाली त्रिमूर्ति गणेश उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी संदेशप्रद भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां बालश्रम के खिलाफ शिक्षा का संदेश दिया जा रहा है।

शहर के वार्ड नंबर 7 शंकरपुर में त्रिमूर्ति गणेश उत्सव समिति ने इस वर्ष बाल श्रम की थीम को शामिल किया है। यहां गणेश पंडाल में भगवान गणेश बच्चों के बीच पुस्तक लेकर खड़े हुए। वहीं पंडाल में बनाई गई अन्य प्रतिमा बाल श्रम के खिलाफ और शिक्षा से उन्नति को प्रदर्शित कर रही है। इस पंडाल में संदेश दिया जा रहा है कि शिक्षा के माध्यम से बेहतर भविष्य को प्राप्त किया जा सकता है।




### आकर्षण का केन्द्र बना पूजा पंडाल

इस गणेश पंडाल में बीते वर्ष पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया था और पेड़ों की कटाई के खिलाफ धार्मिक आस्था के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। वहीं इस वर्ष बाल श्रम के बढ़ते मामलों को देखते हुए शिक्षा से दूर होते बच्चों के प्रति संदेश दिया गया है। जिसमें ज्ञान, विवेक और बुद्धिमत्ता के स्वामी गणेश शिक्षा का संदेश दे रहे हैं।

### 30 वर्षों से प्रतिमा स्थापना

त्रिमूर्ति गणेश उत्सव समिति द्वारा लगभग 30 वर्षों से यहां गणेश प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। इस गणेश पंडाल में अधिकांश युवाओं की टीम है, जो समाज की भलाई से संबंधित संदेश देने वाली प्रतिमा विराजित करती है। शंकरपुर के रविदास मार्ग में स्थापित इस गणेश प्रतिमा को लेकर समिति के अध्यक्ष रवि जगने और उपाध्यक्ष विशाल जगने ने बताया कि आस्था के साथ दिए गए संदेश से लोग ज्यादा प्रेरित होते हैं। इस वजह से यहां एक मैसेज देने वाली प्रतिमा स्थापित की जाती है। लगभग 11 दिनों तक चलने वाले इस गणेश पर्व में समाज को प्रतिवर्ष गणपति बप्पा के माध्यम से संदेश देने के लिए समिति के सदस्य राहुल, सुभाष, प्रदीप, मोनू, शिशुपाल, वीरेन्द्र, रोशन, गोलू, राज, राकेश, अंकित और देवेश जुटे हुए हैं।

### शिक्षा के लिए कर रहे प्रेरित

गणेश पंडाल में एक ही प्रतिमा के दो रूप दिखाए गए हैं। जिसमें एक साईड शिक्षा के साथ और एक तरफ शिक्षा के बगैर जीवन पर पड़ने वाले असर को प्रदर्शित करता है। यहां भगवान गणेश के पीछे हिंदी और अंग्रेजी के वर्ण लिखे गए हैं। वहीं फ्लैक्स के माध्यम से गणेश उत्सव समिति बाल श्रम का विरोध करते हुए बच्चों को शिक्षा देने लोगों को प्रेरित कर रही है।

---

# नवरात्रि पर्व के मद्देनजर डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में पुलिस का मॉकड्रील

**राजनांदगांव।** आगामी दिनों में नवरात्र पर्व को देखते हुए पुलिस ने डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में माकड्रील किया। जिसमें एसडीओपी, थाना प्रभारी, आरपीएफ, जीआरपीएफ, स्टेशन मास्टर एवं बीडीएस टीम व डॉक्टर सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। डोंगरगढ़ में स्थित मां बम्लेश्वरी देवी के मंदिर में हर नवरात्र में देश-विदेश से श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश स्थापना करवाते हैं। नवरात्र में नौ दिन तक मेला का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश-विदेश से दर्शनार्थीगण मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन एवं मेला घूमने अपने-अपने विभिन्न साधनों के माध्यम से डोंगरगढ़ पहुंचते हैं।

### किया गया प्रशिक्षत

मॉकड्रील के दौरान रेलवे स्टेशन जाने से अत्याधिक भीड़ के कारण अचानक भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर कैसे तत्काल आपातकालीन नंबरों एवं संबंधित विभागों को सूचना दी जाती है, कैसे भीड़ को नियंत्रण की जाती है, आग में कैसे काबू पाया जाता है, घायल व पीड़ितों को कैसे तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है, घटनास्थल को कैसे सुरक्षित करना है एवं अन्य के संबंध में मॉकड्रील कर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। साथ ही भीड़ की स्थिति में जेबकतरों, चैन स्केचनरों व अन्य संदिग्धों पर विशेष निगरानी रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### विभागों के अधिकारी-कर्मचारी रहे मौजूद

जिसमें ट्रेन के साधन से भी अत्याधिक मात्रा में दर्शनार्थीगण डोंगरगढ़ दर्शन एवं घूमने के लिए आते हैं। जिससे रेलवे स्टेशन में काफी भीड़ की स्थिति बनी रहती है, जिसे ध्यान में रखते पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देश पर 28 अगस्त को रेलवे स्टेशन कालकापारा डोंगरगढ़ में एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के नेतृत्व में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ उपेन्द्र कुमार शाह, आरपीएफ निरीक्षक प्रशांत अल्डक, जीआरपी निरीक्षक दया कुर्रे, स्टेशन मास्टर डोंगरगढ़ गुरूचरण सेट्ठी, डीटीआई हरिहर राणा, डॉ. योगेश कन्नौजे सीएचसी डोंगरगढ़, बीडीएस टीम, फायर ब्रिगेड एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मिलकर समन्वय स्थापित कर नवरात्रि पर्व एवं अन्य समय में आपातकालीन की स्थिति व भीड़ को नियत्रंण करने, आगजनी एवं घायल पीड़ितों को तत्काल स्वास्थय सुविधा उपलब्ध कराने का मॉकड्रील किया गया।



Ajay Advt.


---

### अफसरों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में हुई बैठक

# जनसुनवाई में ग्रामीणों ने दी विस्तार के लिए सहमति, रोजगार-प्रदूषण नियंत्रण जैसी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपेडीह

जिले के कोपेडीह एवं अंजोरा ग्राम में स्थित कल्याणी इस्पात लिमिटेड कंपनी के विस्तारीकरण को लेकर गुरुवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। करीबन सात सौ ग्रामीणों की उपस्थिति में आयोजित इस जनसुनवाई के दौरान विस्तारीकरण को लेकर सभी ने अपनी सहमति जताई। हालांकि इस दौरान ग्रामीणों ने कुछ मांगे भी कंपनी के समक्ष रखी। जिनमें रोजगार, वृक्षारोपण के साथ ही प्रदूषण नियंत्रण जैसी मांग शामिल थी, जिस पर कंपनी ने भी सहयोग का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि कल्याणी इस्पात लिमिटेड के विस्तारीकरण को लेकर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा गुरुवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया था। इस



जनसुनवाई के दौरान एडीएम सीएल मार्कण्डेय, पर्यावरण संरक्षण मंडल की क्षेत्रीय अधिकारी सुषमा सावंत, एएसपी राहुल देव शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अफसर मौजूद रहे। कंपनी के प्रतिनिधिमंडल के साथ ही दोनों ही गांव के 6 से 7 सौ लोगों की उपस्थिति इस जनसुनवाई के दौरान सभी ग्रामीणों की बातें सुनी गई। ग्रामीणों ने यह माना कि उद्योग लगने एवं उसके विस्तारीकरण होने से स्थानीय लोगों के जीवनस्तर में सुधार आया है। युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर मिले हैं।

### महिलाओं के लिए स्वरोजगार मांगा

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा कई मांगे उठाई गई। जिनमें युवाओं को योग्यता एवं अनुभव के आधार पर रोजगार प्रदान करना। महिलाओं को आवश्यकतानुसार स्वरोजगार उपलब्ध कराना, अधोसंरचना विकास, वृक्षारोपण एवं प्रदूषण नियंत्रण शामिल थे। कंपनी के प्रतिनिधि मंडल ने सभी मांगों पर अपनी सहमति जताई है।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025



## डेढ़ हजार बच्चों को परीक्षा परिणाम का इंतजार इधर कॉलेजों में दाखिला बंद, संशय में विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नई शिक्षा प्रणाली के तहत अब प्रदेश में भी माध्यमिक शिक्षा मंडल साल में दो बार 10वीं एवं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा आयोजित कर रहा है। जुलाई महीने में दूसरी बार आयोजित परीक्षा में जिले से 12वीं कक्षा के करीबन डेढ़ हजार बच्चे शामिल हुए थे। इन बच्चों को अब भी अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार है। बच्चे बेहतर परिणाम आने पर अच्छे कॉलेजों में प्रवेश का सपना देख रहे हैं।



वहीं दूसरी ओर प्रदेशभर के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया बंद कर दी गई है, जिस पोर्टल के जरिये यह प्रक्रिया होती है, वह पिछले 14 अगस्त से बंद है। ऐसे में परीक्षा पास करने के बाद भी बच्चों को दाखिले के लिए भटकना पड़ेगा। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि प्रदेश स्तर से इसको लेकर कोई सकारात्मक पहल की जा सकती है, लेकिन यदि पोर्टल को दोबारा शुरू नहीं किया जाता है तो इन बच्चों को अपना पूरा साल बर्बाद करना पड़ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के अधिकांश कॉलेजों में सीट खाली रह गई है। खासकर निजी कॉलेजों में दाखिले बेहद कम हुए हैं।

### 14 तक चला पोर्टल

प्रदेशभर के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए अब ऑनलाइन प्रणाली से ही आवेदन लिए जाते हैं। प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार पोर्टल में अंतिम अवसर दाखिले के लिए 14 अगस्त तक दिए गए थे। इसके बाद से इसकी अवधि नहीं बढ़ाई गई है। हालांकि पिछले साल अवधि में कुछ विस्तार किया गया था। इधर अब बनी स्थिति को देखते हुए पोर्टल एक सप्ताह के लिए दोबारा शुरू किया जा सकता है।

### 11 हजार बच्चे हुए थे शामिल

ज्ञात हो कि मार्च महीने में आयोजित माशिम की 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले के करीबन 11 हजार बच्चे शामिल हुए थे। मई में आए परिणाम में 82 फीसदी बच्चे पास हुए थे। ऐसे में लगभग 18 प्रतिशत बच्चे जुलाई महीने में दूसरी बार आयोजित बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। इन बच्चों के सामने ही कॉलेजों में दाखिले के लिए संशय की स्थिति निर्मित हो गई है।

## प्रतिमाओं में साफ-सफाई का अभाव




**राजनांदगांव।** शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फूलों की माला अर्पण की गई थी। इसके बाद इस माल को निकाला नहीं गया। जिसके चलते माला सड़ चुकी थी और इस पर कीड़े लग गए थे। महापुरूषों की प्रतिमा की दुर्दशा होने की जानकारी मिलने पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कलेक्टोरेट परिसर पहुंचकर यहां महापुरूषों की प्रतिमा से सड़ चुकी माला निकालकर प्रतिमा की साफ-सफाई की। देखरेख नहीं होने के चलते ही स्वतंत्रता दिवस से पहनाई गई माला अब तक राष्ट्रपिता और संविधान निर्माता की प्रतिमा के गले पर चढ़ी हुई थी।

## गणेश पंडाल में सामाजिक सरोकार बालश्रम के खिलाफ अनोखा संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेश पंडाल के माध्यम से आस्था के साथ ही सामाजिक सरोकार का संदेश लेकर गणेश स्थापना करने वाली त्रिमूर्ति गणेश उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी संदेशप्रद भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां बालश्रम के खिलाफ शिक्षा का संदेश दिया जा रहा है।

शहर के वार्ड नंबर 7 शंकरपुर में त्रिमूर्ति गणेश उत्सव समिति ने इस वर्ष बाल श्रम की थीम को शामिल किया है। यहां गणेश पंडाल में भगवान गणेश बच्चों के बीच पुस्तक लेकर खड़े हुए। वहीं पंडाल में बनाई गई अन्य प्रतिमा बाल श्रम के खिलाफ और शिक्षा से उन्नति को प्रदर्शित कर रही है। इस पंडाल में संदेश दिया जा रहा है कि शिक्षा के माध्यम से बेहतर भविष्य को प्राप्त किया जा सकता है।




### आकर्षण का केन्द्र बना पूजा पंडाल

इस गणेश पंडाल में बीते वर्ष पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया था और पेड़ों की कटाई के खिलाफ धार्मिक आस्था के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। वहीं इस वर्ष बाल श्रम के बढ़ते मामलों को देखते हुए शिक्षा से दूर होते बच्चों के प्रति संदेश दिया गया है। जिसमें ज्ञान, विवेक और बुद्धिमत्ता के स्वामी गणेश शिक्षा का संदेश दे रहे हैं।

### शिक्षा के लिए कर रहे प्रेरित

गणेश पंडाल में एक ही प्रतिमा के दो रूप दिखाए गए हैं। जिसमें एक साईड शिक्षा के साथ और एक तरफ शिक्षा के बगैर जीवन पर पड़ने वाले असर को प्रदर्शित करता है। यहां भगवान गणेश के पीछे हिंदी और अंग्रेजी के वर्ण लिखे गए हैं।

## ओवरटेक की बात पर तलवार से हमला, फरार आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** ओवरटेक करने की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी पर तलवार से हमला कर चोंट पहुंचाया। इस मामले में आरोपी फरार था। जिसकी पतासाजी कर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा 18 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 17 अगस्त की रात्रि साढे 10 बजे होटल अवाना के पास गाड़ी ओवरटेक करने के नाम पर मिथलेश पांडया व राहुल गनवीर उसे अश्लील गाली-गुप्तार कर जान से खतम करने की धमकी दी। हाथ-मुक्का से मारपीट कर अपने पास रखे धारदार हथियार से इस पर वार किया। जिससे इसके चेहरे में दाहिने हिस्से में चोंट लगा तथा बीच-बचाव करने आया इसका भाई के बांये हाथ में चोंट लगा है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी मिथलेश पांड्या को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया तथा फरार आरोपी रोहन गणनीर की पतासाजी की जा रही थी, जिसे 28 अगस्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### दंत एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन 30 को

**राजनांदगांव।** अग्रहरि युवा संगठन एवं अग्रहरि समाज गणेश उत्सव समिति द्वारा दन्त एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन आगामी 30 अगस्त को किया जा रहा है । शिविर शाम 5 बजे से अग्रहरि भवन फौव्वारा चौक में आयोजित की जाएगी । इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। समाज के लोगों ने पीड़ितों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## नवरात्रि पर्व के मद्देनजर डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में मॉकड्रील

**राजनांदगांव।** आगामी दिनों में नवरात्र पर्व को देखते हुए पुलिस ने डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में माकड्रील किया। जिसमें एसडीओपी, थाना प्रभारी, आरपीएफ, जीआरपीएफ, स्टेशन मास्टर एवं बीडीएस टीम व डॉक्टर सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। डोंगरगढ़ में स्थित मां बम्लेश्वरी देवी के मंदिर में हर नवरात्र में देश-विदेश से श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश स्थापना करवाते हैं। नवरात्र में नौ दिन तक मेला का आयोजन किया जाता है।

### किया गया प्रशिक्षत

मॉकड्रील के दौरान रेलवे स्टेशन जाने से अत्याधिक भीड़ के कारण अचानक भगदड़ जैसी स्थति उत्पन्न होने पर कैसे तत्काल आपातकालीन नंबरों एवं संबंधित विभागों को सूचना दी जाती है, कैसे भीड़ को नियंत्रण की जाती है, आग में कैसे काबू पाया जाता है, घायल व पीड़तिों को कैसे तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है, घटनास्थल को कैसे सुरक्षित करना है एवं अन्य के संबंध में मॉकड्रील कर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

### विभागों के अधिकारी-कर्मचारी रहे मौजूद

जिसमें ट्रेन के साधन से भी अत्याधिक मात्रा में दर्शनार्थीगण डोंगरगढ़ दर्शन एवं घूमने के लिए आते हैं। जिससे रेलवे स्टेशन में काफी भीड़ की स्थिति बनी रहती है, जिसे ध्यान में रखते पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देश पर 28 अगस्त को रेलवे स्टेशन कालकापारा डोंगरगढ़ में एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के नेतृत्व में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ उपेन्द्र कुमार शाह, आरपीएफ निरीक्षक प्रशांत अल्डक, जीआरपी निरीक्षक दया कुर्रे, स्टेशन मास्टर डोंगरगढ़ गुरूचरण सेट्ठी, डीटीआई हरिहर राणा, डॉ. योगेश कन्नौजे सीएचसी डोंगरगढ़, बीडीएस टीम, फायर ब्रिगेड एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मिलकर समन्वय स्थापित कर नवरात्रि पर्व एवं अन्य समय में आपातकालीन की स्थिति व भीड़ को नियत्रंण करने, आगजनी एवं घायल पीड़तिों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का मॉकड्रील किया गया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • उच्च रक्तचाप, • ब्लड शुगर, • थायराइड • चलने पर सांस फूलना, • कंधों में जकड़न, • धड़कन का कम या ज्यादा होना • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### जिले के समस्त पेंशनरों की परिचर्चा बैठक 2 सितम्बर को आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** मध्यप्रदेश शासन एवं छत्तीसगढ़ शासन से सेवानिवृत्त समस्त पेंशनर साथियों को जिले में कोई भी पेंशनर संघ क्रियाशील स्थिति में नहीं है। पेंशनर्स को शासन की ओर से महंगाई राहत देर से मिलती हैं, उन्हें शासन से और भी जो अन्य लाभ मिलना चाहिए, जो पहले मिलते थे और अभी बंद कर दिए गए हैं उन्हें पुनः प्रारंभ कराने के लिए समस्त पेंशनरों का एक मजबूत संगठन बनाने की आवश्यकता है, अभी जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं उनके भी पेंशन प्रकरण देर से बनाए जा रहे हैं, जिससे उनका आर्थिक कठिनाई हो रही है। उक्त बातों को ध्यान रखकर पेंशनर संघ को पुनः क्रियाशील करने एक मजबूत संगठन बनाने हेतु जिसमें समस्त सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारीयों, अराजपत्रित कर्मचारीयों एवं सेवानिवृत्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयों का संगठन बनाने हेतु 2 सितम्बर को मजगांव रोड ऊर्जा पार्क तिराहा के पास स्थित अंबेडकर भवन में कबीरधाम जिले के समस्त पेंशनरों की बैठक आयोजित की गई है।

### कवर्धा में अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल का आयोजन पंजीयन तिथि 31 अगस्त तक

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ कवर्धा द्वारा अंडर-19 (मेंस) वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल 31 अगस्त 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल चयन प्रक्रिया के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आगामी क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिस पर संघ सचिव बलबीर खनूजा ने बताया कि ट्रायल में शामिल होने के लिए सभी खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट संघ के माध्यम से पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा। बिना पंजीयन के किसी भी खिलाड़ी को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पात्रता की शर्तो के अनुसार खिलाड़ियों की जन्म तिथि 1 सितंबर 2007 से 31 अगस्त 2010 के बीच होनी चाहिए। आयु प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड, 05 कक्षाओं की मूल अंकसूची और एक पासपोर्ट साइज फोटो पंजीयन के लिए प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जारी सूचना के अनुसार ट्रायल स्थल राजनादगांव रोड स्थित एकेडमी केवीसीओसी और समय सुबह 10 निर्धारित की गई है। इच्छुक खिलाड़ी समय पर पंजीयन करवा कर ट्रायल में भाग लेने के लिए तैयार रहें।

### ग्रामीण, समाज प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों ने दिखाई रूचि

# सुरगी क्षेत्र के 27 गांव में पूर्ण शराबबंदी, क्षेत्रवासियों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

ग्राम सुरगी स्थित पुलिस चौकी सुरगी के प्रभारी निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी एवं उनके स्टाफ के कार्यों की क्षेत्र की जनता भूरी-भूरी प्रशंसा करते नहीं रूक रहे हैं, क्योंकि पुलिस चौकी सुरगी ने वह काम कर दिखाया जो असंभव था। पुलिस चौकी सुरगी द्वारा सुशासन तिहार में शिकायतों के आधार में ग्रामीण एवं समाज प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पुलिस चौकी सुरगी क्षेत्र के 27 गांव में पूर्ण शराबबंदी हो गई है। पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी शंकर गिरी गोस्वामी की त्वरित कार्रवाई की वजह से क्षेत्र के 27 गांव में अवैध शराब, गांजा एवं नशीले पदार्थों का विक्रय पर पूरी तरह से पाबंदी लग चुका है। जिससे क्षेत्रवासियों में भारी हर्ष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों द्वारा खुशी जताते पुलिस चौकी सुरगी के प्रभारी सहित स्टाफ को सम्मानित कर रही है। आगे भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उन्हें सम्मानित करने का मन बना लिए हैं। भर्रेगांव के युवाओं ने कहा कि हम लोग कभी जीवन में नहीं सोचे थे कि भर्रेगांव शराब मुक्त ग्राम बनेगा। आज गांव के माहौल देखकर अच्छा लगता है। पुलिस चौकी सुरगी के अंतर्गत आने वाले ग्राम हल्दी घाट, कुसमी सहित अन्य गांव में पूर्ण शराब की बिक्री बंद हो चुकी है।



#### तस्करी और बिक्री पर रोक

पुलिस नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी और बिक्री को रोकती है। वे नशीले पदार्थों के नेटवर्क को तोड़ने और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए गृह मंत्रालय के नेतृत्व में काम करते हैं।

#### नशे के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी ने कहा कि अवैध शराब, गांजा, जुआ-सट्टा की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। नशे के खिलाफ लड़ाई में पुलिस की मुख्य भूमिका नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकना, अवैध नशा विक्रेताओं को पकड़ना, जागरूकता अभियान चलाना और समुदाय के साथ मिलकर काम करना है, ताकि नशामुक्त समाज का निर्माण किया जा सके। पुलिस ड्रग्स की आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करके और नशे के सेवन से जुड़े अपराधों से निपटकर समाज की सुरक्षा करती है।

#### जागरूकता और शिक्षा

पुलिस स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करती है। इसके तहत जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, ताकि लोग नशे से दूर रहें। पुलिस सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से लोगों के साथ संवाद और सहयोग करती है। इससे नशामुक्ति के प्रयासों में समाज की भागीदारी बढ़ती है। पुलिस उन व्यक्तियों पर कार्रवाई करती है, जो नशा करते या नशीले पदार्थ बेचते हुए पकड़े जाते हैं। पुलिस नशामुक्ति केंद्रों, स्वयंसेवकों और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ काम करती है, ताकि नशे के खिलाफ लड़ाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# स्वास्थ्य विभाग की हड़ताल से मरीजों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




स्वास्थ्य विभाग की हड़ताल से जिलेभर में आमजन की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल तक मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। आपातकालीन सेवाओं पर भी इसका असर देखा जा रहा है। इस पर आम आदमी पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष रावेंद्र रत्नाकर ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा स्वास्थ्य सेवा जनता का मौलिक अधिकार है। आज भी गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सरकारी अस्पतालों पर निर्भर रहते हैं, लेकिन हड़ताल के चलते उनकी जिंदगी दांव पर लगी हुई है।

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार समय रहते कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रही है। जनता को कष्ट देना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सदैव जनता के हित में खड़ी है। पार्टी की मांग है कि सरकार स्वास्थ्यकर्मियों की जायज मांगों को तुरंत मानते हुए हड़ताल समाप्त कराए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को फिर से समय पर उपचार मिल सके। युवा जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि यदि हालात जल्द नहीं सुधरते है तो आम आदमी पार्टी जनहित में इस मुद्दे को और मजबूती से उठाएगी।

## मूर्तिकार लखन साहू के चेहरो में आया मुस्कान, हुई आर्थिक आमदानी



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कंझेटा निवासी लखन राम साहू पिता गोवर्धन साहू एक छोटे से परिवार में रहकर अपना परिवार का भरण पोषण कर जीवन बिता रहा है। यह बताना लाजिमी है कि कंझेटा निवासी लखन साहू मूर्तिकार के नाम से जाने जाते हैं एवं गांव में श्री गणेश, मां दुर्गा व काली तथा अनेक प्रकार की मूर्ति बनाकर अपना जीवन यापन कर रहा है। इस बार उन्होने श्री गणेश की मूर्ति बनाकर खासी कमाई किया है। बताया जाता है कि खर्चा काटकर 70000 रुपए की आर्थिक आमदानी हुई है। जिससे ग्रामीण लखन साहू का चेहरे खुशी से खिल उठें।

# पेंड्रीकला में 24 घंटे श्रीहरि कीर्तन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पेंड्रीकला के मानस मंडली रामनगर शंकर चौक शिव मंदिर के पास 14 वर्ष से हरि कीर्तन आयोजित की जाती है। वहीं इस वर्ष भी 24 घंटे का श्री हरि कीर्तन रामधुनी का आयोजन 26 व 27 अगस्त तक किया गया। श्रीहरि कार्यक्रम का शुभारंभ पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना कर गांव की सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली के लिए श्रीरामचरित मानस का पाठ कर ग्रामचार्या के द्वारा शुभारंभ किया गया। जिसमें मानस मंडली के सदस्य उपस्थिति में किया गया।

इस श्रीहरि कीर्तन के कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीणों ने हरिकीर्तन मंडली ने भाग लिया और अपना-अपना कला के माध्यम से प्रस्तुति दिया गया। जिसमें से तीन हरिकीर्तन मंडली को पुरस्कार से सम्मानित किया गया और सभी हरिकीर्तन मंडली को श्रीरामचंद्र का फोटो फ्रेम देकर स्वागत किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार हरिकीर्तन मंडली रेहूटा, दूसरा पुरस्कार बोल बम समिति पेंड्री कला, तीसरा पुरस्कार धोबघटी जिसमें प्रथम इनाम श्रीमती सरिता अजय चंद्राकर सरपंच पेंड्रीकला 3100 रुपए, दूसरा इनाम बोल बम समिति पेंड्री कला 2100 व तीसरा इनाम समिति द्वारा 1100 दिया गया।

इस समापन कार्यक्रम में मानस मंडली के अध्यक्ष रामलाल यादव, उपाध्यक्ष परमेश्वर यादव, सचिव संतोष पटेल, ईश्वर पटेल, राजेंद्र पटेल, नारायण पटेल, श्रीमती सुकृता मनोज चंद्राकर, गणेश चंद्राकर, पहलाद यादव, जलेश्वर पटेल, बीरबल निषाद, कन्हैया निषाद, रामप्रसाद, मोहन कश्यप, सीताराम निषाद, बल्लू पटेल, पुन्नी, पीलाराम यादव, मानस मंडली, बोल बम समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सदस्य तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक साथ ही भारी संख्या मे आसपास के ग्रामों से आए हुए भजन श्रोता गण उपस्थित थे।

# प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के खिलाड़ी भूपेंद्र गढ़े होंगे शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य खेल अलंकरण समारोह 2023-24 व 2024-25 दो वर्षो का एक साथ कराया जा रहा है, जिसमे प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल खिलाड़ी भूपेंद्र गढ़े को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार 2023-24 से मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा साथ ही उन्हें 3 लाख का प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा जो शासकीय नौकरी मिलने में सहायक होगा। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि भूपेंद्र विगत तीन वर्षो से अकेडमी में अभ्यास कर रहे है साथ ही वह सेजस पिपरिया स्कूल में पीटीआई के पद पर कार्यरत है, जहां स्कूल के बच्चों एवं एकेडमी के खिलाड़ियों को सॉफ्टबॉल का प्रशिक्षण देते है, भूपेंद्र ने अभी तक एक अंतर्राष्ट्रीय एशिया कप जो जापान में आयोजित हुआ था उसमें देश का प्रतिनिधित्व किया था, साथ ही 7 बार सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हुआ। जिसमे 4 स्वर्ण पदक, 1 कांस्य पदक, नेशनल गेम्स गुजरात में एक रजत पदक, 6 बार फेडरेशन कप जिसमें 3 बार स्वर्ण पदक, 4 बार ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी, 4 बार इंटर जोन, जिसमे 2 स्वर्ण एवं 2 रजत, 1 वेस्ट जोन जिसमे 1 स्वर्ण पदक, 3 बार जूनियर नेशनल, जिसमे 2 स्वर्ण पदक एवं 2 सब जूनियर नेशनल खेला में अभी तक राष्ट्रीय स्तर पर 12 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक एवं 1 कांस्य पदक कुल 16 पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन किया। साथ ही भूपेंद्र को पूर्व में खेल विभाग द्वारा आयोजित राज्य खेल अलंकरण में मुख्यमंत्री ट्राफी से भी सम्मानित किया जा चुका है जो अब शहीद राजीव पाण्डेय अवॉर्ड से सम्मानित होगे। अकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी ने बताया कि प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाड़ी प्रति वर्ष बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हो रहे है और पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन करते आ रहे है जो बहुत ही सराहनीय है हाल ही में भूपेंद्र गढ़े को खेल विभाग द्वारा राजीव पाण्डेय अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा, जो बहुत ही गौरव की बात है इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की जूनियर सॉफ्टबॉल बालिका टीम को भी मुख्यमंत्री ट्राफी से सम्मानित किए जाएगा। समस्त सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा सॉफ्टबॉल खेल का दबदबा पूरे भारत में है इस खेल के खिलाड़ियों ने अपने कड़ी मेहनत से राष्ट्रीय स्तर पर विगत कई वर्षो से पदक लगा रहे है जो हम सभी प्रदेश व जिले वासियों के लिए गौरव की बात है। अकेडमी के खिलाड़ी भूपेंद्र गढ़े को शहीद राजीव पाण्डेय अवॉर्ड से नामांकित होने के उपलक्ष्य पर चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, ईश्वरी साहू जिला पंचायत अध्यक्ष, कैलाश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष जिला पंचायत, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, ओपी शर्मा महासचिव छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल संघ, उपाध्याक्ष मृत्युंजय शर्मा, गजराज सिंह ठाकुर सांसद प्रतिनिधि, पार्षद दीपक सिन्हा, राजा पीयूष टाटिया संस्थापक, प्रभारी खेल अधिकारी महेंद्र गुप्ता, दिनेश साहू क्रीड़ा प्रभारी, पवन देवांगन चेयरमैन अशोका पब्लिक स्कूल, अतुल देशलहरा वरिष्ठ समाजसेवी, दिनेश वर्गिस व्यायाम शिक्षक, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की मनोकामना दी।



# अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों में कम्बैट टीम गठित, लोगों से सतर्कता बरतने की अपील

- जिले में मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले में मौसमी बीमारियों एवं महामारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीके तुर्रे ने बताया कि बरसात का मौसम शुरू होते ही बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, जिसके मद्देनजर जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कम्बैट टीम गठित की गई है और इनके प्रभारी संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं के अधिकारी बनाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीके तुर्रे ने आमजन से अपील की गई। वहीं असुरक्षित जलस्त्रोतों का पानी न पिएं, पीने का पानी उबालकर उपयोग करें, जलस्त्रोतों का नियमित शुद्धिकरण कराएं, मच्छरदानी का प्रयोग करें, बासी व सड़े-गले भोजन से परहेज करें, खेतों पर जाते समय घर से स्वच्छ पानी लेकर जाएं, घर के आसपास पानी जमा न होने दें तथा बाहर का भोजन न खाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी ग्राम, पारा या मोहल्ले में बीमारी फैलने के लक्षण दिखाई दें तो तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र को सूचना दें, ताकि समय रहते बीमारियों को रोका जा सके। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिमिका पटेल ने बताया कि महामारी की स्थिति से निपटने के लिए संभावित ग्रामों और दुर्गम क्षेत्रों की पहचान कर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया गया है। विशेष पिछड़ी जनजाति बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु कुओं, हैण्डपम्पों, नलजल व ढोढ़ियों का नियमित शुद्धिकरण कराया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में पर्याप्त दवाइयों का भंडारण किया गया है और मितानिनों व डिपो होल्डर्स के पास भी दवाइयाँ उपलब्ध कराई गई हैं।

## शादी का प्रलोभन देकर महिला का शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी को कबीरधाम पुलिस ने दबोचा



**हरिभूमि कवर्धा।** शहर सहित क्षेत्र में बढ़ती अपराध व अपराधिक गतिविधियों एवं महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं महिला थाना कबीरधाम की टीम ने एक गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को जेल भेजा गया। इसी कड़ी में आरोपी दुर्गेश्वर साहू, पिता सौखीलाल साहू आयु 23 वर्ष निवासी पिपरटोला थाना सहसपुर लोहारा के विरूद्ध महिला थाना कबीरधाम में अपराध क्रमांक 38/2025 धारा 69, 351(3) बीएनएस अंतर्गत मामला दर्जकर आरोपी को गुरूवार गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि महिलाओं को बहला-फुसलाकर, प्रलोभन देकर या धमकी देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपियों पर कबीरधाम पुलिस सख्त कार्यवाही की जाएगी। वहीं ऐसे अपराध समाज की जड़े खोखली करते हैं और इनके लिए कानून में कठोर सजा का प्रावधान है। हमारी प्राथमिकता है कि पीड़िताओं को न्याय मिले और दोषियों को हर हाल में जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए। ऐसे व्यक्ति जो महिलाओं या बालिकाओं को धोखे से शोषण का शिकार बनाने की कोशिश करते हैं, यह समझ लें कि कबीरधाम पुलिस हर शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खेती-किसानी...



**हरिभूमि बरबसपुर।** खेतों में लहलहा रहे हैं परिपक्व होकर फूलगोभी की फसल ग्रामीण किसान कटाई-छटाई कर अच्छे दाम में बेचने की तैयारी मे जुटे है। ग्रामीण किसान गोवर्धन ओगरे ने बताया कि परंपरागत के अलावा तथा विज्ञान कृषि केंद्र नेवारी के मार्ग दर्शन तथा कृषि के क्षेत्र में सलाह और जानकारी के बाद वैज्ञानिक तरीके से कृषि कार्य अपना रहे है।

**// नामांतरण सूचना //**

**क्रमांक/1237/ राज.वि./ न.पा./ 2025-26**
**कवर्धा, दिनांक 27/05/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद अधिनस्थ गांधी मैदान उत्तर दिशा दुकान क्रं. 06 गणेश गुप्ता पिता केदार गुप्ता कवर्धा के नाम पर आबंटित है, उक्त दुकान को संबंधित के द्वारा विक्रय कर श्री उमेश कुमार देवांगन पिता गंगाराम देवांगन कवर्धा के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव प्राप्त आवेदन पर नामांतरण प्रक्रिया हेतु सूचना प्रकाशन किया जा रहा है, इस संबंध मे किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण-पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता को मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त होने के पश्चात या बिना प्रमाण-पत्र के प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा तथा नामांतरण की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद कवर्धा**

### गणेश उत्सव पर भक्तों को होगी निःशुल्क उपलब्ध

# मंदिर में आरती व चालीसा संग्रह पत्रिका का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



लखोली जनता कॉलोनी वार्ड क्र. 31 स्थित मां अंबे धाम सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में गणेशोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ 26 अगस्त की शाम से किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भव्य धार्मिक आयोजन के बीच आरती एवं चालीसा संग्रह पत्रिका का विमोचन किया गया। गणेशोत्सव के दौरान यह पुस्तक सभी श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरित की जाएगी। मां अंबे धाम समिति द्वारा इस वर्ष गणेशोत्सव का 11वां पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से यहां लगातार विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस बार पूरे दसों दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश अग्रवाल ने कहा कि हर वर्ष यहां का गणेशोत्सव पूरे क्षेत्र के लिए श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन जाता है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा प्रकाशित आरती एवं चालीसा संग्रह पत्रिका भक्तों को भक्ति में और अधिक डूबने का अवसर देगी। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, शिव वर्मा, संजय सरोदे, गप्पू सोनकर, सुरेश साहू, मोहन सिंह राजपूत, नवीन जैन, राजेंद्र श्रीरंगे, आशीष डोंगरे, आलोक श्रीवास्तव, दिनेश खंडेलवाल, गोमा कोठारिया, गौरव सोनकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

#### 18 आरती और 14 चालीसा शामिल

शिव वर्मा ने कहा कि अंबे धाम समिति ने इस पत्रिका के माध्यम से भक्ति का एक सुंदर संग्रह भक्तों तक पहुंचाया है। इसमें 18 आरती और 14 चालीसा शामिल है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष संकलन है। उन्होंने कामना की कि गणपति बप्पा सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करें और घर-परिवार में सुख-समृद्धि लाएं। गप्पू सोनकर ने कहा कि अंबे धाम समिति की यात्रा अब 11 वर्षों में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने बताया कि समिति ने निरंतर सेवा और भक्ति के कार्य किए हैं और 8 वर्षो से भंडारे की परंपरा को निभाते आ रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे ने कहा कि गणेश उत्सव के दौरान होने वाले दसों दिन के विशाल भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समिति और भक्तों के सामूहिक सहयोग से संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु आरती एवं चालीसा संग्रह पुस्तक भी निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

## वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन




**राजनांदगांव।** वित्तीय समावेशन योजनाओं के संतृप्ति हेतु चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत गुरुवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा ग्राम बरबसपुर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर रीनी अजीत ने एक दिवसीय वित्तीय समावेशन शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने बैंकिंग कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंकिंग कार्यों के संबंध में स्थानीय निवासियों, व्यापार प्रतिनिधियों और बैंक अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने विभिन्न बैंकिंग सेवाएं निर्बाध रूप से मिलने के लिए अपने खातों को पुनः केवाईसी कराने प्रोत्साहित किया। शिविर में बकाया खातों के केवाईसी विवरणों के पुनः सत्यापन के महत्व के बारे में बताया। शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक एकीकृत योजना 2021 और दावा न की गई जमा राशियों के बारे में जानकारी दी गई। डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने अपनाई जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में ग्राम पंचायत बरबसपुर और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक एवं जिला राज्य सहकारी बैंक आदि सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर में 115 खातों की पुनः केवाईसी की गई। शिविर में अग्रणी जिला प्रबंधक मुनीश शर्मा सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### रोजगार मेला 09 एवं 10 अक्टूबर को प्रस्तावित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय रोजगार मेला 09 एवं 10 अक्टूबर 2025 (संभावित तिथि) को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। रोजगार मेला में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न निजी संस्थाओं से प्राप्त रिक्तियों प्राप्त हुआ है, जिसकी भर्ती मेला स्थल व साक्षात्कार के माध्यम से किया जाना है। रिक्तियों की जानकारी हेतु विभाग के वेबसाईट का अवलोकन कर मेला में सम्मिलित होने के लिए आवेदन, पंजीयन कर सकते है। ऐसे आवेदक जिनका रोजगार पंजीयन वर्ष 2024 के पूर्व का हुआ है वे इस नये रोजगार पंजीयन पोर्टल में पंजीयन, अपडेशन किया जाना आवश्यक है।

# कोदवागोड़ान में ऋषि पंचमी पर निभाई गई वर्षों पुरानी गुरू दीक्षा की परम्परा

- स्थानीय महामाया मंदिर परिसर में आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

पीढ़ियों से चली आ रही ग्रामीण परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी ऋषि पंचमी के अवसर पर स्थानीय महामाया मंदिर परिसर में गायन वादन के साथ जहां नागदेवता का आव्हान पूजन किया गया वहीं मंत्रों की दीक्षा दी गई। उल्लेखनीय है कि ग्राम कोदवा गोड़ान मंत्रों और जड़ी बूटियों से सर्पदंश की सफल चिकित्सा को लेकर अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। यहां के निवासी बड़े बुजुर्गों के अनुसार उनकी जानकारी में यहां सर्प दंश की अनेक घटनाओं के बावजुद आज तक किसी की मृत्यु नहीं हुई है। यहीं नहीं आसपास के गांवों में भी अगर सही समय पर यहां के जानकार लोग पहुंच जाते हैं तो सर्प दंश से प्रभावित की जान बचा ली जाती है। यद्यपि पीढ़ियों से चली आ रही मंत्र और जड़ी बूटी चिकित्सा की परंपरा अब धीरे धीरे विलुप्त होती दिखाई दे रही है लेकिन अभी भी यहां के कुछ लोग जिनमें युवा वर्ग भी शामिल है गांव की पुरानी चली आ रही इस विद्या की गुरु शिष्य परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। सर्प दंश के अलावा विभिन्न रोगों और शारीरिक पीड़ा के लिए भी मंत्रों और जड़ी बूटियों से चिकित्सा की विधा गुरु शिष्य परंपरा के माध्यम से सिखाई जाती है !वर्तमान में यहां गुरु परंपरा के वाहक बने गंगादीन पटेल एवं दरबार पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष ऋषि पंचमी के पूर्व तीन महीने तक नए शिक्षार्थियों को रात्रिकालीन कक्षा के माध्यम से जहां मंत्रों की शिक्षा दी जाती है वहीं वर्षा ऋतु आने के बाद गांव के आसपास अथवा जंगलों में उन्हें विभिन्न औषधीय पेड़ पौधों तथा जड़ी बूटियों की पहचान कराते हुए उनकी उपयोगिता और प्रयोग के बारे में सिखाया जाता है। ऋषि पंचमी के दिन एक निश्चित स्थान पर गुरु के द्वारा लकड़ी के एक पीढ़े पर चावल से विभिन्न प्रजाति के सर्पों की आकृति बनाई जाती है और साबर मंत्रों के अधिष्ठाता देवी देवताओं व ऋषियों का ढोल, मांदल के साथ जसगीत की तर्ज पर सामूहिक गायन वादन करते हुए आवाहन किया जाता है। इसी दिन नए शिक्षार्थियों को सिखाए गए मंत्रों की परीक्षा भी ली जाती है। जो सफल होते हैं उन्हें पाठ पीढ़ा में शामिल किया जाता है। जिसे उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र कहा जा सकता है। वहीं जिन शिक्षार्थियों के द्वारा मंत्र उच्चारण में त्रुटि होती है उन्हें आगामी वर्ष के लिए पुनः प्रयास का अवसर दिया जाता है। ऋषि पंचमी के दिन सभी नए पुराने शिष्य अपने साथ नारियल तथा खीरा लेकर आते हैं। धूप दीप से पूजन कर नारियल,खीरा और दूध का भोग लगाया जाता है जिसे प्रसाद के रूप में वहां उपस्थित सभी लोगों को वितरित किया जाता है इस प्रसाद में उस चमत्कारी जड़ी का टुकड़ा भी शामिल रहता है जिसका प्रयोग सर्प दंश में किया जाता है। बताया जाता है कि उक्त जड़ी का स्वाद वैसे तो काफी कड़वा होता है लेकिन किसी सर्प दंश से पीड़ित को खिलाने पर उसे कड़वाहट का पता नहीं चलता। जब यह औषधि पीड़ित को खिलाई अथवा पीस कर पिलाई जाती है तो कुछ देर बाद ही विष का असर समाप्त होने लगता है और पीड़ित व्यक्ति धीरे धीरे स्वस्थ हो जाता है।

### आस्था के साथ दी जाती है औषधि

यहां यह स्पष्ट करना लाजिमी होगा कि इसे महज अंध विश्वास कहकर सिरे से खारिज कर देना उचित नहीं होगा। क्योंकि इस सर्पविष चिकित्सा में सारा कमाल उस वनस्पति की जड़ी का हो सकता है जिसके असर से जहर नष्ट होता है। रहा सवाल मंत्रों का तो वह लोक आस्था और ईश्वरीय शक्ति पर जन मन में समाहित विश्वास है। सर्प दंश से प्रभावित के कानों में जोर जोर से मंत्रों को बोलने से पीड़ित के मन में ईश्वर के प्रति बैठे विश्वास के चलते जहां उसका मनोबल बना रहता है, वहीं लगातार कानों में गूंजती आवाज से उसकी चेतना भी बनी रहती है। वह बेहोश नहीं होता। गौरतलब है कि सांप काटने के इलाज में व्यक्ति को बेहोशी से बचाना बहुत जरूरी होता है और मंत्रों के बहाने यहां यह क्रिया की जाती है!इस बीच पीड़ित को जो जड़ी बूटी खिलाई अथवा उसका रस पिलाया जाता है दरअसल उससे ही शरीर का जहर खत्म होता है।



**आक्रोश:** बार-बार विनती करने के बाद भी नहीं पदस्थ किए जा रहे हैं शिक्षक

# शिक्षकों की कमी से पढ़ाई ठप छात्र और ग्रमीणों ने स्कूल में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले की चरमराई और खस्ताहाल सरकारी स्कूलों की व्यवस्था के बीच अब नौबत यहां तक आ चुकी है कि गुरूवार को विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम झलमला में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने पालकों के साथ मिलकर स्कूल में तालाबंदी कर दी। आरोप है कि इस सरकारी हायर सेकेण्डरी स्कूल में बीते तीन वर्षो से शिक्षकों की कमी है जिसके संबंध में लगातार स्कूल शिक्षा विभाग से लेकर जिला कलेक्टर और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को शिकवा शिकायत की जा रही है लेकिन

अभी तक शिक्षकों की कमी दूर नहीं हो पाई है। हैरानी की बात तो यह है कि यह करिश्मा शासन की युक्तियुक्तकरण नीति भी नहीं कर पाई, जिसकी तारीफ में शासन, प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ स्वयं सत्ताधारी दल के नेता लगातार कसीदे पढ़ते आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल झलमला में कला, कामर्स, विज्ञान तथा गणित जैसे संकाय संचालित है और यहां संचालित संकायों के अनुसार कुल 12 व्याख्याताओं की जरूरत है लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि स्कूल में प्रभारी प्राचार्य सहित मात्र 6 व्याख्याता ही पदस्थ है। इनमें भी हिन्दी, अंग्रेजी, भौतकी, विज्ञान, भूगोल जैसे विषयों के व्याख्याता नहीं है। जिसके कारण स्कूली बच्चों की पढ़ाई लिखाई नहीं हो पा रही है। स्कूल में कक्षा बारहवीं में अध्यनरत स्कूली विद्यार्थियों का आरोप है कि वे नियमित रूप से स्कूल आ रहे हैं ताकि पढ़ाई लिखाई कर एक मुकाम हासिल कर सकें। लेकिन यहां हर रोज एक दो कक्षाएं ही लगती है शेष कक्षाएं विषय विशेषज्ञ शिक्षक नहीं होने के कारण खाली जा रही हैं। जिसके संबंध में पूर्व में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी शिकवा शिकायत की जा चुकी है। लेकिन कोई भी इस दिशा में कार्यवाही नहीं कर रहा है। जिम्मेदारों के इस गैर जिम्मेदाराना रवैये को ही देखते हुए गुरूवार को अपने भविष्य को लेकर चिंतित स्कूली बच्चों ने पालकों के साथ मिलकर स्कूल में ताला जड़ दिया और स्कूल परिसर के बाहर खड़े होकर शासन-प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### जब तक शिक्षकों की कमी दूर नहीं, लगा रहेगा ताला



अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित ग्रामीण पालकों ने बताया कि वे इस संबंध में कई बार शिक्षा विभाग तथा कलेक्टर को लिखित में शिकवा शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक स्कूल में शिक्षकों की कमी को दूर नहीं किया गया है। यही वजह है कि आज उन्हें स्कूल में तालाबंदी करनी पड़ी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब स्कूल में पढ़ाई लिखाई हो ही नहीं रही है तो फिर स्कूल को खुला रखने का औचित्य ही क्या है। उन्होने चेतावनी दी है कि जब तक स्कूल में शिक्षकों की कमी को दूर नहीं किया जाएगा तालाबंदी जारी रहेगी।

### स्कूल शिक्षा विभाग में चल रहा अटैचमेंट का खेल

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में संचालित अधिकांश सरकारी स्कूल पहले से ही शिक्षकों की कमी की समस्या से जूझ रहे हैं उसमें स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित होने के बाद बाद से यह स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई है। बताया जाता है कि विकासखण्ड बोड़ला तथा स. लोहारा में संचालित कई सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को आत्मानंद स्कूल में अटैच किया गया है। जिसके कारण प्रभावित स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो गई है। झलमला हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य राधेलाल डहरिया की माने तो यहां पदस्थ एक व्याख्याता स्वयं अटैचमेंट में अन्यंत्र शाला में सेवाएं दे रही है। समझ से ये भी परे है कि स्कूल शिक्षा विभाग में बैठे आला अधिकारी आखिर सब कुछ जानते और समझते हुए भी अटैचमेंट के आवेदनों पर सहमति व स्वीकृति क्यों दे रहे हैं?

# नेउरगांव स्कूल में न शिक्षक न प्रधान पाठक, बच्चे भगवान भरोसे




**बोड़ला।** शासन, प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग नई शिक्षा नीति और युक्तियुक्तकरण नीति का पूरे प्रदेश व जिले में दम भरा जा रहा है। लेकिन जमीनी हकीकमत ये है जिले के अधिकांश स्कूलों और विशेषकर वनांचल ईलाकों में संचालित सरकारी स्कूलों में शिक्षा के नाम पर सिर्फ और सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। आलम ये है कि स्कूल शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अपने चैम्बरों आराम फरमा रहे हैं और क्षेत्र के औहदेददार जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन हाथ में हाथ बांधे तमाशबीन बना बैठा है। सरकारी स्कूलों में अध्यापन कार्य के लिए पहुंचने वाले बच्चों की नियमित रूप से पढ़ाई लिखाई हो रही है या नहीं, स्कूलों में पदस्थ शिक्षक शालाओं में सेवाएं दे रहे हैं या नहीं यह सब देखने सुनने वाला कोई नहीं है। बताया जाता है कि जिले की इसी चरमराई और खस्ताहाल स्कूल शिक्षा व्यवस्था के बीच गुरूवार को जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत नेउरगांव में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण करने स्थानीय ग्रामीण पहुंचे। ग्रामीणों की माने तो निरीक्षण के दौरान नेउरगांव प्राथमिक शाला में एक भी शिक्षक मौजूद नहीं था वहीं स्कूल प्रधान पाठक भी नदारत थे। स्कूली बच्चों ने पूछे जाने पर बताया कि आज हमें कोई पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं है। जिसके बाद ग्रामीणों ने शिक्षकों की अनुपस्थिति की शिकायत लिखित में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बोड़ला से की।

### महीने के एक-दो दिन आते हैं प्रधान पाठक

गांव के युवा आशु चंद्रवंशी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक वेद राम हठीले हमेशा गायब रहते हैं। महीने के दो-तीन दिन ही स्कूल पहुंचते हैं। उनकी नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो रही है। वहीं स्कूल में विगत कई वर्षों से एक ही शिक्षक के भरोसे बच्चों की पढ़ाई चल रही है। बताया जाता है कि प्रधान पाठक साहब की तबियत विगत कई वर्षों से खराब है, बच्चों को पढ़ाना तो दूर वे तो खड़े भी नहीं हो पाते है, महीने में कभी कभी स्कूल आते है और कुछ देर आराम फरमाकर लौट जाते हैं। इसे दुर्भाग्य ही कहें कि प्रधान पाठक स्वयं शिक्षक होकर शिक्षा का महत्व नहीं समझ रहे हैं और बच्चों के भविष्य को अंधकार में डाल दिए हैं।

### शिकायत के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप

ग्रामीणों की इस शिकायत के बाद से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रताप चंद्राकर ने कहा कि हमें अभी आपके द्वारा शिक्षकों के गैर हाजिर होने की शिकायत मिली है। बात बिलकुल सही है बीईओ साहब कभी खुद अपने चैम्बर से बाहर निकलकर क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण करने जाएं तब तो उन्हें जमीनी हकीकत की जानकारी हो। बहरहाल बीईओ साहब ने ग्रामीणों की शिकायत पर जांच तथा दोषियों को नोटिस जारी कर सख्त कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

## बैरख हाई स्कूल में रजत जयंती पर पुस्तक वाचन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय हाईस्कूल बैरख एवं माध्यमिक विद्यालय बैरख द्वारा ग्राम पंचायत प्रांगण में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गांव के सभी विद्यालय में पुस्तक वाचन दिवस मनाया जा रहा है ताकि इस दिवस को यादगार बनाया जा सके। कार्यक्रम में सरपंच सुधारी मसराम ने कहा कि पुस्तक वाचन स्वयं के ज्ञान में वृद्धि करना होता है। शाला विकास समिति के सदस्य चैन सिंह धुर्वे ने कहा यह बहुत अच्छी पहल है, स्वाध्याय से ही ज्ञान में वृद्धि होती है। आज कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि, स्कूल स्टॉफ एवं 106 विद्यार्थी गण पुस्तक वाचन किए। रैली के माध्यम से भी पुस्तक वाचन के लिए जन जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में सरपंच सुधारी मसराम, प्राचार्य सोहन कुमार यादव, संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, केशव प्रसाद भारद्वाज शिक्षक, वीरेन्द्र सिंह धुर्वे, चैन सिंह धुर्वे, अंजू मसराम पंच, एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।



# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 53.1 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आबकारी वृत्त बोड़ला में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई है। आबकारी आयुक्त आर संगीता एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर तथा जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में 28 अगस्त को कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश से लाई गई बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की गई। इस संबंध में आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान मिली मुखबिर सूचना पर थाना तरेगांव जंगल अंतर्गत ग्राम पीपरखूंटा निवासी रमेश कुमार यादव पिता गंगाप्रसाद यादव के मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 269 नग देशी प्लेन मदिरा (48.42 बल्क लीटर), 26 नग गोवा व्हिस्की (4.68 बल्क लीटर) कुल 53.1 बल्क लीटर मध्यप्रदेश निर्मित मदिरा बरामद की गई। बरामद शराब को मौके पर विधिवत सीलबंद कर जप्त किया गया तथा आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2), 36, 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। यह कार्रवाई आबकारी वृत्त बोड़ला प्रभारी अभिनव रायजादा के नेतृत्व में की गई। इस दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी मनोज कुमार राठौर, आबकारी उपनिरीक्षक रामानंद दीवान, मुख्य आरक्षक विद्या सिंह परमार, जगदीश सिंह उईके, आरक्षक ईम्तियाज खान, कमल मेश्राम और अमर पिल्लै की भूमिका रही।



## कवर्धा के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों ने सीखी स्वस्थ जीवन की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत जिला कवर्धा में खेल-खेल में पोषण ज्ञान गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अभिनव कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रो के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने खेलों के माध्यम से संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम के तहत बच्चों को विभिन्न खेलकूद, रंगीन चार्ट, शिक्षण सामग्रियों और प्रश्नोत्तरी के जरिए पोषण के महत्व को सरल और मनोरंजक ढंग से समझाया गया।

बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए यह सीखा कि संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित दिनचर्या उनके स्वस्थ जीवन की नींव है। जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कुपोषण उन्मूलन हमारी प्राथमिकता है। ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देना वास्तव में सराहनीय है।

इससे बच्चे न सिर्फ ज्ञान अर्जित करते हैं बल्कि व्यवहारिक रूप से उसे अपनाने की प्रेरणा भी पाते हैं। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना और आंगनबाड़ी केन्द्रो को खेल-आधारित शिक्षा केन्द्रों के रूप में विकसित करना है।

जब बच्चे सीखते हुए आनंद लेते हैं, तब शिक्षा और पोषण दोनों ही प्रभावी तरीके से उनके जीवन में उतरते हैं।

**आंदोलन को और उग्र करने की दी चेतावनी, सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप**

# एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल के 11 वें दिन निकाली तिरंगा न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर गत 18 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे जिले के एनएचएम कर्मचारियों ने गुरूवार को अपनी मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल तिरंगा न्याय यात्रा निकाली। राजमहल चौक स्थित धरना प्रर्शन स्थल से प्रारंभ हुई हड़ताली कर्मियों की इस तिरंगा न्याय यात्रा में बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी शामिल हुए। हांथो में तिरंगा झंडा लिए और अपने हक की आवाज बुलंद करते हुए कर्मचारियों ने नगर के सभी मुख्य मार्गो का भ्रमण किया और वापस धरना प्रदर्शन स्थल में अपनी यात्रा समाप्त की। इस दौरान हड़ताली कर्मचारियों को आम लोगों का भी समर्थन मिला और उन्होने शासन से एनएचएम कर्मचारियों की जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की। अपनी इस न्याय यात्रा को लेकर हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि वे अपनी दस सूत्रीस मांगों को लेकर 11 दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं सरकार कहती है कि दस में से पांच मांगों को पूरा कर दिया गया है लेकिन शासन की ओर से अभी तक किसी भी मांग को लेकर अधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है। ये सरकार की वादा खिलाफी है। हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि संघ ने इस धोखे के विरोध में आंदोलन को और उग्र और तेज करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक 10 सूत्रीय मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होता आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। गौरतलब है कि एनएचएम कर्मचारियों अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते जिले के कई शासकीय अस्पतालों में ताले लगे हुए हैं जिसके कारण दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से लेकर शहरी इलाकों तक के मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है वहीं जीवनदीप समिति के कर्मचारियों पर ड्यूटी का दबाव डाला जा रहा है जो बिना उचित प्रशिक्षण के केवल सहयोगी भूमिका निभाते हैं। कई अस्पतालों में बाहर सूचना बोर्ड लगाकर मरीज को सुविधाओं के लिए खेद भी व्यक्त किया गया है कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि 20 माह के कार्यकाल में 160 बार से अधिक बार आवेदन और निवेदन देने के बावजूद सरकार ने नियमितीकरण ग्रेड पे और लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जैसे फाइलों को रोक कर रखा है और कर्मचारियों को लगातार गुमराह किया जा रहा है जिससे कि कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और अब एनएचएम कर्मचारियों ने अपने आंदोलन को और उग्र और तेज करने का मन बना लिया है। तिरंगा न्याय यात्रा में मुख्य रूप से प्रदीप सिंह ठाकुर, शशिकांत शर्मा, विनिष जॉय, जेम्स जॉन, गेमेश चौधरी, सौरभ तिवारी, रुपेश साहू, संगीता भगत,डॉ. मुकुंद राव, डॉ. ममता ठाकुर, जयंत कुमार, आनंद दास, छवि साहू, टीकाराम, भवानी सिंह, हेमराज, भास्कर देवांगन, धीरज महोबिया सहित बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी शामिल थे।

# बच्चों को नशे के लिए सॉल्यूशन ट्यूब बेचने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे, 62 नग सॉल्यूशन ट्यूब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अपने ही पिता की ऑटो पार्ट्स दुकान से चोरी कर सॉल्यूशन ट्यूब को नशा के लिए बेचने वाले युवक को कवर्धा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 62 नग सॉल्यूशन ट्यूब बरामद की हैं। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस। की धारा 170/125, 135(3) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशु उर्फ आषु सिन्हा, पिता राजेश सिन्हा आयु 18 वर्ष, निवासी मठपारा, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम अपने नाबालिग मित्रों के साथ रामनगर में जेवडन रोड स्थित एक किराए के मकान में बैठकर सॉल्यूशन ट्यूब बेचता था। पुलिस को सूचना मिली कि वह अपने पिता की दुकान से यह सामग्री चोरी कर लाता है और 3 से 4 गुना अधिक कीमत पर बच्चों व किशोरों को बेचता है, जो इसका दुरुपयोग नशे के लिए करते हैं। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के ठिकाने में दबिस दी और कार्रवाई के तहत पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को ग्राहक बनाकर आरोपी से संपर्क कराया। बातचीत के दौरान आरोपी ने बिक्री की बात स्वीकार की। तत्पश्चात दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर कुल 62 नग सॉल्यूशन ट्यूब बरामद की गईं। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस। की धारा 170/125, 135(3) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

